ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्षः 3 अंक : 238
मेरठ, शुक्रवार, 27 जून 2024
(पृष्ठः 6)
मूल्यः 2 रूपया

दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सैनिक बंधु बैठक 5

राष्ट्रहित सर्वोपरि

भारत में पेपर लीक मामले-अब बातें नहीं शैक्षणिक....4

कर्नाटक में बड़ा हादसा, मिनी बस खड़े ट्रक से टकराई, 13 लोगों की मौत

हावेरी (कर्नाटक),(एजेंसी) कर्नाटक में हावेरी जिले के ब्यादगी तालुक में शुक्रवार तड़के एक मिनी बस एक खड़े ट्रक से टकरा गई, जिसके कारण कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हादसे का शिकार हुए लोग शिवमोगा के रहने वाले थे और वे बेलगावी जिले के सवदत्ती से देवी यल्लम्मा के दर्शन के बाद तीर्थयात्रा से लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उसने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि बस चालक को नींद आ जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। शेयर मार्केट फिर आल टाइम हाई, मदेमइ 80 हजारी बनने की ओर

सेंसेक्स, निफ्टी शुरुआती कारोबार में सर्वकालिक उच्चस्तर पर

मुंबई, (एजेंसी) वैश्विक बाजारों में तेजी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी और विदेशी कोषों की लिवाली के बीच प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए।इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 308.49 अंक उछलकर 79,551.67 पर था। निफ्टी 103.75 अंक चढ़कर 24,148.25 के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सन फार्मा, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और नेस्ले में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक और मारुति लाल निशान में रहे।जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि बाजार की गति में सेंसेक्स को 80,000 के स्तर तक ले जाने की क्षमता है।शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 7,658.77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत बढ़कर 86.81 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

पॉक्सो मामलाः पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के खिलाफआरोप पत्र दायर

बेंगलुरु, (एजेंसी)कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा पर लगे छेड़छाड़ के आरोपों की जांच कर रहे अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बृहस्पतिवार को पॉक्सो मामलों की एक विशेष अदालत में आरोप पत्र दायर किया। इस वर्ष मार्च में सदाशिवनगर पुलिस ने भाजपा के दिग्गज नेता के खिलाफछेड़छाड़ का मामला दर्ज किया था, जिसके बाद कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने एक आदेश जारी कर मामला विस्तृत जांच के लिए सीआईडी ??को भेज दिया था। यह मामला 17 वर्षीय लड़की की मां की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था, जिसने आरोप लगाया था कि येदियुरप्पा ने इस साल दो फरवरी को यहां डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर एक बैठक के दौरान उसकी बेटी से छेड़छाड़ की थी। येदियुरप्पा ने आरोप से इनकार किया है। येदियुरप्पा पर आरोप लगाने वाली 54 वर्षीय महिला की पिछले महीने फेफड़ों के कैंसर के कारण यहां एक निजी अस्पताल में मौत हो गई थी।

आपातकाल काला अध्याय, पेपर लीक के दोषियों को मिलेगी सजाः द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति ने किया संसद के दोनों सदनों को संबोधित

नयी दिल्ली,(एजेंसी) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को संविधान के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता जताते हुए देश में 1975 में लागू आपातकाल की निंदा की और इसे संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय बताया। उन्होंने परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की हालिया घटनाओं की जांच कराने और दोषियों को सजा दिलाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि आगामी आम बजट में कई ऐतिहासिक कदम उठाये जाएंगे एवं प्रमुख आर्थिक निर्णय लिए जाएंगे। राष्ट्रपति ने अपने 55 मिनट के अभिभाषण में कहा कि देश में संविधान लागू होने के बाद भी संविधान पर अनेक बार हमले हुए।

18वीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि उनकी सरकार देश के युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने में सक्षम बनाने के लिए माहौल तैयार करने का काम कर रही है। जिस वक्त वह शिक्षा के मोर्चे पर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र कर रही थीं, उस वक्त विपक्ष के कुछ सदस्यों को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित अनियमितताओं को लेकर नारे लगाते सुना गया।

उन्होंने कहा कि भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, पिछले 10 साल में 8 प्रतिशत की दर से औसत विकास हुआ है जबकि यह कोई सामान्य काल नहीं था। उन्होंने कहा,'अकेले भारत ने वैश्विक विकास में 15 प्रतिशत का योगदान दिया है। मेरी सरकार भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है।'

70 से अधिक उम्र के बुजुर्गों का भी अब मुफ्त इलाज

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में 25 हजार जन औषधि केंद्रों को खोलने का काम भी तेजी से चल रहा है। मुर्मू ने कहा कि सरकार 55 करोड़ लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि योग और आयुष को बढ़ावा देकर भारत एक स्वस्थ विश्व के निर्माण में मदद कर रहा है।

संसद में लगे 'जय श्री राम' 'जय संविधान' के नारे

अभिभाषण समाप्त होने के बाद सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों ने 'जय श्री राम' के तो विपक्षी सदस्यों ने 'जय संविधान' के नारे लगाए। राष्ट्रपति के सदन से जाने के बाद कांग्रेस सहित कई अन्य विपक्षी दलों के नेता सोनिया गांधी के पास गए और उनसे बातचीत की। राजद की मीसा भारती ने पैर छूकर उन्हें प्रणाम किया। टीएमसी की महुआ मोइत्रा और डेरेक को भी सोनिया गांधी से बातचीत करते देखा गया।

राष्ट्रपति से 'झूठ बुलवाकर' वाहवाही लूटने में लगे मोदी : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति के 'मोदी सरकार लिखित' अभिभाषण को सुनकर ऐसा लगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव के जनादेश को नकारने की कोशिश कर रहे हैं। खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति से 'झूठ बुलवाकर' वाहवाही लूटने की कोशिश कर रहे हैं।

बिरला से मिले राहुल, आपातकाल का उल्लेख करने पर जतायी आपत्ति

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और उनके द्वारा सदन के भीतर आपातकाल का उल्लेख किए जाने को लेकर यह कहते हुए आपत्ति दर्ज कराई कि यह कदम राजनीतिक था और इससे बचा जा सकता था। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संसद भवन में बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी, जिस दौरान गांधी ने सदन में अध्यक्ष द्वारा आपातकाल का उल्लेख किए जाने का मुद्दा भी उठाया।

राष्ट्रपति ने पढ़ी 'सरकार की पटकथा', आज 'अघोषित आपातकाल' रू विपक्ष विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए अभिभाषण को 'सरकार द्वारा दी गई और झूठ पर आधारित पटकथा' करार दिया और कहा कि सरकार को 1975 के आपातकाल के बजाय आज के 'अघोषित आपातकाल' पर जवाब देना चाहिए।

पीएम मोदी ने नरसिंह राव की जयंती पर किया उन्हें याद, कहा- नेतृत्व और बुद्धिमत्ता के लिए किया जाता है याद

नयी दिल्ली,(एजेंसी)प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को उनकी 103वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राव भारत के 9वें प्रधानमंत्री थे और उन्हें देश में आर्थिक सुधारों के जनक के रूप में भी जाना जाता है।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिंह राव को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्हें उनके नेतृत्व और बुद्धिमत्ता के लिए याद किया जाता है।

उन्होंने कहा, ''यह हमारी सरकार के लिए सम्मान की बात है कि हमने इस साल की शुरुआत में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया और हमारे राष्ट्र में उनके समृद्ध योगदान को मान्यता दी।'

राव का पूरा नाम पामुलापार्ती वेंकट नरसिंह राव था। उनका जन्म 28 जून 1921 को तत्कालीन आंध्र प्रदेश के करीमनगर में हुआ था। राव दक्षिण भारत से देश के प्रधानमंत्री पद तक पहुंचने वाले पहले शख्स थे।

कांग्रेस के अनुभवी नेता राव ने 1991 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद पांच साल का कार्यकाल पूरा किया और उन्हें परिवर्तनकारी बदलावों को अमल में लाकर भारतीय अर्थव्यवस्था को उदारवादी बनाने का श्रेय दिया जाता है।

सीबीआई ने पटना से किये 2 गिरफ्तार

नीट-यूजी 'पेपर लीक' मामला

नयी दिल्ली, नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बृहस्पतिवार को पटना में 2 लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष कुमार पर आरोप है कि उन्होंने नीट-यूजी परीक्षा आयोजित होने से एक दिन पहले 4 मई को मेडिकल उम्मीदवारों को आवास प्रदान किया और 5 मई की सुबह उन्हें सॉल्व पेपर दिया।

अभ्यर्थी पटना के लर्न प्ले स्कूल के छात्रावास में रह रहे थे। यहीं पर बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने जला हुआ प्रश्न पत्र बरामद किया था, जो अंततः राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा पुलिस को प्रदान किए गए मूल प्रश्न पत्र से मेल खाता था। इस बीच, आशंका जताई जा रही है कि मुख्य आरोपी संजीव मुखिया नेपाल भाग गया है। सीबीआई ने उनके नालन्दा गांव स्थित आवास पर छापेमारी की थी। बृहस्पतिवार को सीबीआई की एक अन्य टीम ने उन छात्रों से भी पूछताछ की, जिन्होंने गोधरा के एक केंद्र पर परीक्षा दी थी और आरोपियों को अग्रिम भुगतान किया था। सीबीआई ने आरोपी की हिरासत की मांग के लिए कानूनी कार्यवाही शुरू करने के लिए पंचमहल में जिला सत्र न्यायालय को एक सीलबंद लिफाफे में एफआईआर भी सौंपी है। इस मामले में परशुराम रॉय, विभोर आनंद, आरिफवोरा और तुषार भट्ट आरोपी हैं।

एनटीए को ओएमआर शीट पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नयी दिल्ली (एजेंसी): सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को एनटीए से जानना चाहा कि नीट-यूजी 2024 में शामिल हुए अभ्यर्थियों को दी गई ओएमआर शीट से संबंधित शिकायतों को उठाने के लिए कोई समयसीमा है या नहीं। जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एक निजी कोचिंग सेंटर और कुछ नीट अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल नयी याचिकाओं पर एनटीए को नोटिस जारी किया तथा इन याचिकाओं पर सुनवाई लंबित मामलों के साथ 8 जुलाई के लिए निर्धारित कर दी।

कांग्रेस सांसदों ने नीट मामले पर चर्चा के लिए दोनों सदन में नोटिस दिए

नयी दिल्ली,नीट-यूजी 2024: कांग्रेस के कई सांसदों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) से जुड़ी कथित अनियमितताओं और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसीकी ''नाकामी' के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए शुक्रवार को संसद के दोनों सदन में नोटिस दिए हैं।

पार्टी के राज्यसभा सदस्य सैयद नासिर हुसैन और रंजीत रंजन ने राज्यसभा में नियम 267 के तहत नोटिस दिए हैं। हुसैन ने अपने नोटिस में कहा कि सदन में आज के लिए सूचीबद्ध सभी कामकाज को स्थगित कर, नीट-यूजी और यूजीसी-नेट सहित विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने और एनटीए की ''नाकामी' पर चर्चा कराई जाए।

लोकसभा में कांग्रेस के सदस्य मणिकम टैगोर ने इस विषय पर चर्चा की मांग करते हुए कार्यस्थगन का नोटिस दिया है।

कांग्रेस और 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के अन्य घटक दलों ने शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी से जुड़ी कथित अनियमितता का मुद्दा उठाने का फैसला किया है।

दिल्ली हवाई अड्डे की छत का हिस्सा गिरा, एक की मौत, छह लोग घायल, उड़ानें प्रभावित

नयी दिल्ली, (एजेंसी) राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश के बीच शुक्रवार तड़के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के 'टर्मिनल-एक' की छत का एक हिस्सा वाहनों पर गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में घायल हुए लोगों को हवाई अड्डे के पास स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि घायलों में से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह सुनिश्चित करने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है कि क्षतिग्रस्त वाहनों में कोई व्यक्ति फंसा न हो।

अधिकारियों ने बताया कि छत के अलावा 'बीम' भी गिर गए, जिससे टर्मिनल के 'पिक-अप और ड्रॉप' क्षेत्र (ऐसा क्षेत्र जहां यात्रियों को लाने-ले जाने वाले वाहन खड़े होते हैं) में खड़ी कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।

अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग को घटना की सूचना मिलने के बाद तीन दमकल वाहनों को हवाई अड्डे भेजा गया। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि छत का एक हिस्सा गिरने के बाद 'टर्मिनल-एक' पर विमानों का प्रस्थान स्थगित कर दिया गया है।

पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) उषा रंगनानी ने बताया कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के 'टी-एक' प्रस्थान स्थल की ओर जाने वाले विमानों को सीआईएसएफजांच चौकी पर टी-1 आगमन स्थल की ओर मोड़ दिया गया है।

नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''मैं दिल्ली में हवाई अड्डे के टी1 की छत (का हिस्सा) गिरने की घटना पर व्यक्तिगत रूप से नजर रख रहा हूं। घटनास्थल पर बचाव दल काम कर रहे हैं।'

उन्होंने कहा, ''साथ ही विमानन कंपनियों को टी1 पर सभी प्रभावित यात्रियों की सहायता करने का परामर्श दिया गया है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। बचाव अभियान जारी है।'

टी1 पर विमानों का प्रस्थान स्थगित

टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा ढह जाने के बाद यहां से विमानों का प्रस्थान अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि विमानों का प्रस्थान दोपहर दो बजे तक स्थगित किया गया है।

'दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (डायल) के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''आज सुबह से जारी भारी बारिश के कारण दिल्ली में हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 के पुराने प्रस्थान प्रांगण में छत का एक हिस्सा तड़के करीब पांच बजे गिर गया।

इस घटना में कुछ लोगों के घायल होने की खबर है और आपातकालीन कर्मी प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता और चिकित्सकीय मदद प्रदान कर रहे हैं।'

प्रवक्ता ने बताया कि इस घटना के कारण टर्मिनल-1 से सभी विमानों का प्रस्थान अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 'चेक-इन काउंटर' बंद कर दिए गए हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि उड़ानों के आगमन पर कोई असर नहीं पड़ा है। टर्मिनल-1 से केवल घरेलू उड़ानों का संचालन होता है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के तीन टर्मिनल हैं दृ टी1, टी2 और टी।

दिल्ली में हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर विमानों का प्रस्थान दो बजे तक के लिए स्थगित

नयी दिल्ली,(एजेंसी) दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा शुक्रवार तड़के ढह जाने के बाद यहां से विमानों का प्रस्थान दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच लोग घायल हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि टर्मिनल-1 से उड़ानों का प्रस्थान दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दिया गया है और अस्थायी रूप से परिचालन को टी-1 से टी-2 और टी-3 पर स्थानांतरित करने पर विचार किया जा रहा है।

टी-1 पर केवल घरेलू उड़ानों का संचालन होता है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के तीन टर्मिनल हैं दृ टी1, टी2 और टी3। सूत्रों ने बताया कि छत का हिस्सा गिरने की घटना के तुरंत बाद उड़ानों का प्रस्थान स्थगित कर दिया गया। हालांकि, जो यात्री पहले से ही टर्मिनल के अंदर थे, वे अपनी उड़ानों में सवार हो गए।

जब से डवकप जी ने तीसरी बार शपथ ली है देश में विनाश और तीव्र हो चुका है, तबाही जारी है।

कल जबलपुर एयरपोर्ट से भयावह तस्वीरें आयी, और आज दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 की छत गिर गयी।

सूत्रों ने बताया कि सुबह करीब 7:30 बजे प्रस्थान पूरी तरह से स्थगित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि उड़ानों के आगमन पर कोई असर नहीं पड़ा है।

'दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (डायल) के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''आज सुबह से जारी भारी बारिश के कारण दिल्ली में हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 के पुराने प्रस्थान प्रांगण में छत का एक हिस्सा तड़के करीब पांच बजे गिर गया। इस घटना में कुछ लोगों के घायल होने की खबर है और आपातकालीन कर्मी प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता और चिकित्सकीय मदद प्रदान कर रहे हैं।'

बड़े जोर शोर के साथ प्रधानमंत्री जी ने टर्मिनल 1 के इसी हिस्से का उद्घाटन किया था आज धड़ाम हो गया 3 लोगों की जान चली गई कई लोग घायल हैं।

कभी राम मंदिर, कभी अटल सेतु, कभी जबलपुर टर्मिनल, कभी दिल्ली टर्मिनल।

प्रवक्ता ने बताया कि इस घटना के कारण टर्मिनल-1 से सभी विमानों का प्रस्थान अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 'चेक-इन काउंटर' बंद कर दिए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि उड़ानों के आगमन पर कोई असर नहीं पड़ा है।

उन्होंने कहा, ''हम इस व्यवधान के लिए खेद व्यक्त करते हैं तथा इससे हुई किसी भी असुविधा के लिए क्षमा चाहते हैं।' इंडिगो विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि मौसम की प्रतिकूल स्थिति के कारण टी-1 पर उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा, ''इससे दिल्ली में उड़ानें रद्द हो गई हैं क्योंकि यात्री टर्मिनल में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं। टर्मिनल के अंदर पहले से मौजूद यात्री अपनी नियोजित उड़ानों में सवार हो सकेंगे, लेकिन जिन यात्रियों को दिन में (अन्य समय पर) उड़ानों में सवार होना था, उन्हें अन्य विकल्प दिए जाएंगे।'

एयरलाइन ने कहा, ''यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति पर नजर रखें।' स्पाइसजेट विमानन कंपनी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उड़ानें रद्द कर दी गई हैं क्योंकि टी-1 अगले नोटिस तक संचालन के लिए आंशिक रूप से बंद रहेगा।

जेपी नड्डा बने राज्यसभा में सदन के नेता

नयी दिल्ली (एजेंसी) भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया। सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन में इसकी घोषणा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के बाद जब उच्च सदन की बैठक प्रारंभ हुई तो सभापति धनखड़ ने नड्डा को उच्च सदन का नेता घोषित किया। नड्डा इसी वर्ष गुजरात से निर्वाचित होकर उच्च सदन में पहुंचे हैं और उनका कार्यकाल 2030 तक है। इससे पहले भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल राज्यसभा में सदन के नेता थे।

एक नजर..

पीने का पानी तक न मिलने से व्यथित नजर आयें लोकतन्त्र सेनानी

अरविन्द चौहान /युरेशिया

गंगोह(सहारनपुर)आपातकाल लगाने के दिवस को कालादिवस के रुप में मनाते हुए भाजपाईयों ने लोकतन्त्र सेनानियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया, मगर सम्मानित होने के बावजूद लोकतन्त्र सेनानी अपेक्षित आवभगत न होने से व्यथित नजर आयें।

भाजपा जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद भर से लोकतन्त्र सेनानी और भाजपाई पहुंचे थे। जहां जिलाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह सैनी, राज्य मंत्री जसवन्त सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी, पूर्व विधायक महिपाल माजरा व लाज कृष्ण गांधी आदि पहुंचे थे। कार्यक्रम में गंगोह निवासी राकेश गर्ग उर्फजयश्री राम सहित लोकतन्त्र सेनानियों का माल्यार्पण कर व शॉल औढाकर सम्मानित किया गया। मगर लोकतन्त्र सेनानियों व कार्यक्रम में पहुंचें भाजपाईयों के लिए जलपान तो क्या गर्मी के मौसम में ठंडे पानी तक का प्रबन्ध नही किया गया था। इन लोगों ने बताया कि बार बार मांगने के बावजूद ही पानी की कुछ बोतल ही आ सकी। बताया जाता है कि काफी देर से पहुंचे नगर विधायक के प्रति भूखें प्यासे कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई।

ड्रोन से गन्ने में स्प्रे करना बहुत कारगर है

प्रदीप धीमान / युरेशिया

सहारनपुर। उप गन्ना आयुक्त ओ.पी. सिंह ने बताया कि गन्ने की बड़ी फसल में यदि किसी बीमारी अथवा कीट आदि के लिए दवाई का स्प्रे करना हो तो, ड्रोन से स्प्रे करना बहुत ही कारगर साबित हो रहा है।

उप गन्ना आयुक्त ग्राम जोली में गन्ने के खेतों में किसानो को लाइव ड्रोन स्प्रे अपने सामने कराकर दिखा रहे थे।

किसानो से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि गन्ने की फसल में उत्पादन बढ़ाने के लिए अपनाई जा रही नई नई तकनीकों में ड्रोन से दवाई, कीटनाशक, फंजीसाईड अथवा कोई उर्वरक आदि का स्प्रे करना कृषक हित में है। ड्रोन से बड़ी फसल में भी दवाई डाली जा सकती है और कम समय में अधिक क्षेत्र में स्प्रे किया जा सकता है। अभी जैसे फसल काफी बड़ी हो गई है और सामान्यतया उसमे कीटनाशक दवाएं डालने में कठिनाई आती है और पूरा पौधा पर छिड़काव नही हो पाता, ओर वहीं ड्रोन अच्छी तरह से दवाई स्प्रे कर देता है। इस अवसर पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों ओर चीनी मिल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानो को उनकी आवश्यकता के अनुसर तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए इस अवसर पर विभागीय अधिकारी और चीनी मिल के अधिकारी तथा काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

सरसावा पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है

शक्ति चौधरी/युरेशिया

सरसावा। थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि नशा तस्करी के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त शिवकुमार पुत्र अचल सिंह निवासी जगाधरी हरियाणा को एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसने यह चाकू जगाधरी में किसी व्यक्ति से खरीदा था। जिसका इस्तेमाल वह लोगों को डराने धमकाने के लिए करता था। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल

समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोनु कश्यप (जिला प्रभारी)	मो0: 8630402509
प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी)	मो0: 9997171951
अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी)	मो0: 9759693305
मोनीन (नागल प्रभारी)	मो0: 9639221277
अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी)	मो0: 9720509609
नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी)	मो0: 6397074075
नादिर (तहसील बेहट प्रभारी)	मो0 9870984665
विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी)	मो0: 6396576517
शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी)	मो0: 9719777268
मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी)	मो0: 9675196324
सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी)	मो0: 9758712680
परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर)	मो0: 8410360786
शौकीन अहमद (मिर्जापुर प्रभारी)	मो0 9720067900

6 वर्ष की उम्र में ही सविता जमुना दास ने हो गया था कन्हैया से प्यार

कलयुग में केवल नाम आधारा,सुमिर सुमिर नर उतरहीं पारा-महामंडलेश्वर साध्वी जमुना दास

अरविन्द चौहान /युरेशिया

सहारनपुर। साध्वी जमुना दास ने कथा के दौरान कहा मुझे बचपन में ही बांके बिहारी भगवान कन्हैया से प्यार हो गया था और उनके दर्शनों के जुनून ने मुझे सविता से साध्वी जमुना दास अंतरराष्ट्रीय महामंडलेश्वर बना दिया यह सब कन्हैया का ही तो प्यार है।

सहारनपुर जेल चुंगी मार्ग अपने आश्रम स्थित कथा के दौरान श्रीश्री 1008 अंतर्राष्ट्रीय महामंडलेश्वर साध्वी जमुना दास ने कहा भक्ति की अगर लग्न सच्ची हो तो ईश्वर मनुष्य के रोम-रोम में समा जाते हैं। वह योग साधना के माध्यम से भविष्य में घटित होने वाली घटनाओं एवं पूर्व जन्मों की घटनाओं तक का आकलन किया जा सकता हैं। इतना ही नहीं उस परमपिता परमात्मा को आप किसी भी नाम से जानिए वह उसी में आपके दर्शन देगा।उस परमपिता परमात्मा की शक्ति निराकार है जिसका कोई आकार नहीं केवल जप तप साधना से ही उसे पाया जा सकता है।वर्तमान में धरती पर जितना धर्म बढ रहा है उससे ज्यादा पाप और पाखंड पड़ रहा है। इसीलिए तो जन्म मरण के फेर से बचने के लिए मनुष्य को निरंतर गुरु द्वारा बताए हुए उस मंत्र का निरंतर जाप करना चाहिए जिससे वह भौ सागर से पार हो सके। इसीलिए तो पवित्र ग्रंथों में दिया है।कलयुग में केवल नाम आधारा,सुमिर सुमिर नर उतरहीं पारा।इसका भावार्थ है की कलयुग में नाम ही सार है, अर्थात सिर्फ नाम (मंत्र) जाप से ही जीव को मोक्ष प्राप्ति हो सकती है।

साधु संतों द्वारा दिया गया वास्तविक गुरु मंत्र से नाम दीक्षा लेकर वास्ताविक मंत्र का जाप करना चाहिए जिससे हमारी गति यानी मुक्ति हो सकती है।गीता अध्याय 17 के श्लोक 23 में वह तीन सांकेतिक मंत्र ओम् तत् सत् के बारे में बताया गया है।साध्वी ने कथा के दौरान कहा मुझे बचपन में ही कृष्ण कन्हैया से प्रेम हो गया था और उनको पाने की ललक ने मुझे इस पवित्र गद्दी पर पहुंचा दिया। इस दौरान अनेक श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

सीएम से मिल विधायक ने की सडकों के चौडीकरण व सुदृढीकरण की मांग

अरविन्द चौहान /युरेशिया

गंगोह(सहारनपुर) विधायक किरत सिंह ने मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की समस्याओं के साथ लोकसभा चुनाव में हारने के कारण को लेकर भी जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री ने विधायक किरतसिंह को जी जान से क्षेत्रवासियों की सेवा में जुटने और कार्यकर्ताओं के मानसम्मान में कोई कमी न रहने देने के निर्देश दियें।

विधायक किरत सिंह ने सीएम योगी से गंगोह विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जनहित में विभिन्न सडकों के चौडीकरण व सुदृढीकरण कार्यों को कराये जाने की मांग की। इनमें अर्न्तजिला मार्ग रामपुर-गंगोह वाया जानखेडा नैनखेडा मार्ग, इस्लामनगर तीतरों हगांवली राजबाहे की पटरी मार्ग, गंगोह, खानपुर धलापडा, कम्हेडा, कल्लरहेडी, सनौली, किशनपुर, विसलहेडा मार्ग, हिमामपुर पुल से कुआखेडा सगंम तक पूर्वी यमना नहर मार्ग चौडीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य के अलावा नानौता से भारी दीनदानपुर, याहीयापुर व पूजना होते हुए एसएनजीटी कार्य और प्रातीय जिला मार्ग अन्तर्गत सहारनपुर नकुड गंगोह थानाभवन मार्ग व दिल्ली-यमनीत्री मार्ग से तीनरों जलालाबाद मार्ग का चौडीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य शामिल है।

जिलाधिकारी ने किया कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण

पत्रावलियों का रखें बेहतर रख-रखाव,जन समस्याओं का करें बेहतर निस्तारण - मनीष बंसल

अरविन्द चौहान /युरेशिया

सहारनपुर। नवनियुक्त जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जनपद के समस्त अधिकारियों से परिचय बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। उन्होने कहा कि शिकायत का समाधान संबंधित अधिकारी के स्तर से ही किया जाए। मनीष बंसल ने कहा कि फाईल वर्क को गहनता के साथ अध्ययन करने के उपरान्त ही प्रस्तुत करें। उन्होने कहा कि विकास कार्यों की मासिक बैठक के साथ विभागवार भी समीक्षा की जाएगी। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करें। किसी भी समस्या एवं सहायता के लिए वह हर समय उपलब्ध है।

इसके पश्चात उन्होने कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने न्यायिक अभिलेखागार, राजस्व अभिलेखागार, संयुक्त कार्यालय कक्ष, राजस्व सहायक द्वितीय, आंग्ल अभिलेखागार, चकबन्दी अधिकारी न्यायालय, नजारत, विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय, डीएलआरसी कार्यालय, जिला रायफल एसोसिएशन, सदल मालखाना पुलिस, जिला निर्वाचन कार्यालय, जिला आपदा कक्ष, एनआईसी कक्ष सहित वरिष्ठ अधिकारियों के कक्ष को देखा। उन्होने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि कार्यालयों में उचित साफ-सफाई के साथ ही पत्रावलियों का बेहतर रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए। मनीष बंसल ने कहा कि आपदा कन्ट्रोल रूम को इमरजेन्सी आपरेशन सेन्टर के रूप में 24 घण्टे सक्रिय रखा जाए तथा कर्मचारियों की ड्यूटी पालीवार लगायी जाए। उन्होने निर्देश दिए कि आपदा कन्ट्रोल रूम के फोन नम्बर 0132-2723971, 2723344, 2723345 एवं टोल फ्री नम्बर 1077 का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होने कहा कि आपदा कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को नोट किया जाए तथा उन सभी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण भी किया जाए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश यादव, नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार,डीएफओ शुभम सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

हिन्दुओं की उदासीनता के चलते बैसाखी पर खडी हुई मोदी सरकार-महामंडलेश्वर

एकजुट हुए बिना देश से विलुप्त हो जायेगा हिन्दु

अरविन्द चौहान / युरेशया

गंगोह(सहारनपुर) महामंडलेश्वर यतेंद्रानन्दगिरी महाराज ने कहा है कि कर्तव्य से विमुख होने के कारण न केवल ब्राह्मण का सम्मान घटा है, वरन् समाज आपस में बंट गया है।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में महामंडलेश्वर ने कहा कि ब्राह्मण का कार्य समाज को जोडना और शिक्षित करना है।उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जातिवाद को छोडकर यदि हिंदू एकजुट नहीं हुआ तो विश्व के अन्य देशों की तरह हिंदुत्व विलुप्त हो जायेगा। हिंदूओं की उदासीनता के चलते 24 में मोदी सरकार को बैसाखी का सहारा न लेना पडता। यदि हिंदु उदासीनता छोड शत प्रतिशत मतदान करता तो भाजपा 400 पार हो जाती। उन्होंने दलित समाज को हिंदुओं का गौरव बताते हुए कहा कि उनके साथ बिना हिन्दु 2047 तक देश में ही अल्पसंख्यक हो जाएगा। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य प्रियांशु दत्त द्विवेदी ने कहा कि ब्राह्मण ने युवाओं को एकजुट होकर समाज को जोडने पर आयोजकों को बधाई दी। रालोद प्रदेश अध्यक्ष विजय कौशिक व सिंगर मासूम शर्मा ने हरियाणवी रागनी सुनाई। राजेश शर्मा, शशिकांत शर्मा,अभिषेक कौशिक, अंकित शर्मा खंडलाना, राजेश गांधी ने भी विचार रखें।इससे पूर्व भगवान परशुराम की शोभायात्रा का शिव चौक पर धर्म प्रचार प्रसार समिति के रवि शंकर गर्ग, कुमार फौजी, मनोज गोयल, शशांक गोयल ने स्वागत किया।कार्तिक शर्मा, कन्हैया शर्मा, अभिषेक शर्मा, रजत शर्मा, कुणाल शर्मा आदि रहे।

तालाब पर से अवैध कब्जा हटवाने के लिए उप जिलाधिकारी को सोपा ज्ञापन

विकास शर्मा /युरेशिया

नकुड़। गांव मल्लामाजरा में तालाब में अवैध कब्जे हटवाने के लिए एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर दर्जनों लोगों ने कब्जे हटवाए जाने की मांग की है।

गुरुवार को नकुड़ तहसील में उपजिलाधिकारी पर पहुंचकर मल्हामजरा गांव के लोगों ने मांगपत्र में बताया कि खण्ड विकास अधिकारी द्वारा तालाब की सफाई कार्य चल रहा था तो तभी गांव के ही कुछ लोगों ने तालाब पर अपने अवैध हटाने से मना करते हुए मौके पर मजदूरों के साथ धक्का मुक्की व मारपीट कर भगा दिया। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि गांव के खसरा नं 38 रकबा नं 0.5920 हे0 की लेखपाल द्वारा पैमाइश कराकर तालाब को कब्जा मुक्त कराया जाए। साथ ही आरोपियों के खिलाफकड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। सुनील, छोटन, नीटू, पाल्ला,सुखबीर, बाबूराम, रघुवीर आदि रहे।

प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चला वसूला जुर्माना

नाथी सहल / युरेशिया

चिलकाना ।उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा पॉलीथिन पर पूर्ण बैन लगाने के उपरांत जिलाधिकारी महोदय के आदेशानुसार नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी राजीव कुमार के निर्देशन मे नगर चिलकाना सुल्तानपुर मे पॉलीथिन बिक्री के खिलाफ अभियान चला कर नगर के सभी व्यापारी वर्ग के प्रतिष्ठान पर जाकर चौकिंग अभियान चलाया गया जहाँ कई व्यापारियों के प्रतिष्ठान से पॉलीथिन ओर पलास्टिक ग्लास जब्त कर 4250 का जुर्माना वसूला गया।

नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना के अधिशाषी अधिकारी राजीव कुमार नें बताया की ये अभियान निरंतर चलाया जाएगा उन्होंने कहा की उन्होंने व्यापारी संघठन के लोगो से बैठक कर अपील भी की थी की पॉलीथिन की बिक्री तत्काल बंद कर पॉलीथिन मुक्त भारत के इस महा अभियान मे सहयोग करे ओर प्लास्टिक ग्लास ओर पॉलीथिन की बिक्री ना करे।

इस अवसर पर अशोक कुमार लेखा लिपिक मोहम्मद नफीस, इश्तयाक

थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

कब्जे से 1210 रूपये नगद, पर्चा सट्टा व 01 पैन बरामद

प्रदीप धीमान /युरेशिया

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान सहारनपुर द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण एवं जुआ सट्टा की खाईबाड़ी आदि की रोकथाम हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त वहीद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी गोटेशाह की चुंगी याइयाशाह थाना मंडी को बुड्डीमाई चौक ट्रांसफार्मर के पास से गिरफ्तार किया गया। पकडे गये अभियुक्त से 01 पर्चा सट्टा 01 पैन व 1210 रूपये नगद बरामद हुए। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामद के आधार पर थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0 193ध्2024 धारा 13 जी एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर, का0 राहुल कुमार, का0 मोनू कुमार शामिल रहे।

किसानों को ट्यूबवेल के कनेक्शन पर 30 जून तक छूट

परवीन खानम/युरेशिया

अंबेहटारू ऊर्जा निगम द्वारा आयोजित एक मुश्त योजना के अंतर्गत किसानों के लिए ब्याज व पेनल्टी पर छूट के मात्र तीन दिन शेष होने पर ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने किसानों को जागरूक किया। जेई सूर्यभान प्रजापति ने बताया की किसानों के लिए ट्यूबवेल के कनेक्शन पर 30 जून तक 100: ब्याज एवं पेनल्टी की छूट दी जा रही है जिससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले। किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपना बिल समय पर जमा कराए। ऊर्जा निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बिल जमा करने के लिए किसानों को जागरुक करते हुए योजना को विस्तृत रूप से समझाया।इस दौरान शाकिर लाइनमैन,अनिल कुमार ,इरशाद सलमानी,पोपिन, मुकुट, परवीन आदि मौजूद रहे।

पोस्टर
पैम्पलेट
फ्लैक्स बैनर
फ्लैक्स बोर्ड
स्टेशनरी
पुस्तकें
सुन्दर एवं कलात्मक मुद्रण
युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस
रंगीन व ब्लैक एण्ड व्हाइट छपाई का एकमात्र स्थान
Email: ureshiyapress@gmail.com
9410231400
7533833844
7533833855
0121- 4324497
सूरजकुण्ड रोड (बाबा मनोहर नाथ मंदिर के सामने) मेरठ

एक नजर..

जिला कारागार बागपत का निरीक्षण किया

युरेशिया संवाददाता

बागपत । जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने आज जिला कारागार बागपत का निरीक्षण किया उन्होंने कारागार में मौजूद कैदियों से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली और उनसे खान-पान के बारे में भी चर्चा की उन्होंने कहा किसी को किसी तरह की कोई समस्या है खान-पान की या सरकारी वकील नहीं है तो ऐसे बंदी अपनी समस्या बता सकते हैं जिला कारागार में आज 823 कैदी थे उन्होंने पाकशाला का भी निरीक्षण किया जिसमें खाने की गुणवत्ता को दिखा।

संरक्षक डॉक्टर संजीव आर्य ने पढाया संस्कार, संस्कृति और चरित्र का पाठ

युरेशिया संवाददाता

छपरौलीः योग शिविर के सातवें दिन गुरूकुल कुरुक्षेत्र के मुख्य संरक्षक डॉक्टर संजीव आर्य ने पढाया संस्कार, संस्कृति और चरित्र का पाठ।

नगर स्थित ऐम एज्युकेशन पब्लिक स्कूल में चल रहे निःशुल्क दस दिवसीय योग शिविर के सातवें दिन योग शिक्षार्थीयों ने प्राणायाम, ध्यान और रस्सा आसन के अभ्यास के बाद यज्ञमान रविकुमार एडवोकेट व यज्ञ की पुरोहित दीपिका आर्य के नेतृत्व में वेदमंत्रो द्वारा ब्रह्म यज्ञ सम्पन्न किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गुरूकुल कुरुक्षेत्र के मुख्य संरक्षक एवं आर्यवीर दल के अन्तराष्ट्रीय शिक्षक डॉक्टर संजीव आर्य ने योग शिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा आज संस्कारों को पोषित करने की आवश्यकता है क्योंकि ये सनातन संस्कार चरित्र का निर्माण करते है और चरित्र भारतीय संस्कृति का मूल आधार है। जिस देश के नागरिकों का चरित्र मजबूत होता निश्चित ही वह राष्ट्र मजबूत होता है। चरित्र के निर्माण से व्यक्तिव, धर्म, राष्ट्र और संस्कृति का निर्माण होता है। बौद्धिक कक्ष को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी आर0आर0डी0 उपाध्याय ने कहा हम बढ़े भाग्यशाली है क्योंकि हमारे पास संस्कृति है। जबकि दुनियाँ के अन्य देशों के पास सभ्यता है। सभ्यतायें कुछ काल के बात नष्ट हो जाती है लेकिन संस्कृति कभी नष्ट नहीं होती। अति प्राचीन काल से भारतवर्ष ऋषियों का देश था, विभिन्न आक्रांताओं के बाद भी ऋषियों का देश है और भविष्य में भी ऋषियों का देश रहेगा यह भारतीय संस्कृति है।

इस अवसर पर रविकुमार एडवोकेट, दीपीका आर्य, डॉ0 संजीव कुमार आर्य, प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार आर्य, प्रधानाचार्य संजीव कौशिक, डॉ0 रामकुमार, सोमदत्त शर्मा, समाजसेवी आर0आर0डी0 उपाध्याय, महेश कुमार आर्य, नरेन्द्र आर्य, योग शिक्षक हरेन्द्र आर्य, दयानंद आर्य, हिमांशु आर्य, अक्षित, जीत, देव, आदित्य, आर्यन, कार्तिक, शिवा, युवराज सुर्या उपाध्याय, देव, अर्जुन, देवांश, केशव, रोहन, अर्पित, गौरव, हर्षित, शिवम, शिवा आदि उपस्थित रहे।

नगर पालिका के अधिकारियों व सफाई नायकों से लिया आईटीसी मॉडल का फीडबैक

विपुल जैन / युरशिया

बागपत। आईटीसी अधिकारी शुभेंदु दास ने नगर पालिका बड़ौत में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक से आईटीसी मॉडल सामुदायिक नेतृत्व में विकेंद्रीकृत ठोस कचरा प्रबंधन कार्यक्रम के विषय में फीडबैक लिया गया।

साथ ही नगर पालिका बड़ौत में बनी मोहल्ला समितियों से मुलाकात की, जिसमे सभी समिति सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बताया की आईटीसी मॉडल के तहत गलियों और सड़कों में पहले की अपेक्षा गन्दगी खत्म हुई है। आईटीसी मॉडल कचरा खत्म करने का बहुत अच्छा मॉडल है ।

इस मीटिंग के दौरान नगर पालिका से एसएफआई सुशील शर्मा, सतेंद्र धीराणा, सफाई नायक पिंकी राम ,सोनू ,विनय लाटीयान, आईटीसी से शुभेंदु दास प्रोग्राम मैनेजर, मो अर्श चौधरी प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर ,अंकित क्लस्टर मैनेजर ,सुनील क्लस्टर सुपरवाइजर मोहल्ला समिति अध्यक्ष मीनाक्षी सीसोदिया ,राजेश उज्वल सदस्य मीनू जैन ,मोनिका उपाधय ,पिंकी गुप्ता ,नीता सैनी,गीता सैनी, दिव्या उज्जवल, उषा देवी , कृष्णा,राजकुमार ,रेनू ,रजनी आदि मौजूद रहे।

क्रांतिग्राम बसौद में लगाया गया निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर

विपुल जैन / युरशिया

बागपत। क्रांतिग्राम बसौद में अबान कोचिंग क्लासेज के सौजन्य से निवाड़ी रोड स्थित डी जे ग्रुप ऑफइंस्टिट्यूट की और से निःशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें 100 से अधिक मरीजो की जाँच की गयी और साथ ही साथ आयुर्वेद के डॉक्टर ने भी मरीजो की जाँच की। चिकित्सकों ने बताया कि अपने दांतो की देखभाल कैसे करनी चाहिए। शिविर में डॉ प्रियंका त्यागी, डॉ मोहित त्यागी, डॉ सचिन त्यागी, डॉ स्वेता, डॉ निशि , डॉ उर्वशी, डॉ नीतू, डॉ मौ तौशिफ, डॉ रीमा रानी आदि ने मरीजो की अच्छे से जाँच की और खुद को स्वस्थ रखने के तरीके बताये।

शिविर में मास्टर सत्तार अहमद, आदिल हुसैन, मा मुरसलीन, आजाद, राशिद अली, आसिफअली, हीना, रेशमा का मुख्य रूप से सहयोग रहा। मास्टर आदिल हुसैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

अभिमन्यु गुप्ता को दिया सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार, जिला रक्त बैंक बागपत के द्वारा,

नीलकंठ/युरेशिया

बड़ौत। जिला संयुक्त अस्पताल बागपत के सभागार में गुरुवार को जिला रक्त बैंक की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में सुपरीटेंडेंट डॉक्टर एस के चौधरी रक्त बैंक की प्रभारी डॉ ऐश्वर्या चौधरी एवं डॉ शुक्ल द्वारा बागपत जनपद में वर्ष 2023 24 में सबसे ज्यादा रक्तदान सात शिविरों का आयोजन करने एवं सबसे ज्यादा यूनिट 273 रक्त एकत्र करने में सहयोग देने के लिए इंडियन रेड क्रॉस समिति बागपत के सचिव एवं लायंस क्लब अग्रवाल मंडी के मुख्य संयोजक लायन अभिमन्यु गुप्ता एवं लायन पंकज गुप्ता को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर एस के चौधरी ने कहा कि जब भी हमें रक्त की आवश्यकता होती है, गुप्ता जी हमारी पूर्ति कराने के लिए शिविर का आयोजन कर देते हैं। इस अवसर पर अमित कुमार को सबसे ज्यादा रक्तदान करने एवं दूसरे स्थान पर रणवीर चौधरी एडवोकेट तीसरे स्थान पर अग्रवाल मंडी के राज किशोर गोयल को सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में बागपत व्यापार संघ के अध्यक्ष लायन मनोज गोयल एवं आशीष गोयल अग्रवाल मंडी राजपाल शर्मा लायंस क्लब बागपत संजीव शर्मा रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी को भी सम्मानित किया गया।

आत्मा योजना से जिले के किसान होगे समृद्ध, कृषि वैज्ञानिक करेंगे मार्गदर्शन

कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच संवाद और तकनीकी जानकारी के आदान प्रदान को मिलेगा बढ़ावा

उन्नत कृषि और किसानों की समृद्धि में सारथी बनेंगे कृषि वैज्ञानिक, तकनीकी शिक्षा से करेंगे मार्गदर्शन

किसानों को कृषि संबंधी नई तकनीकी से निरंतर कराए अवगतः जिलाधिकारी

युरेशिया संवाददाता

बागपत । जिले के किसानों की समृद्धि और उन्नत कृषि में आत्मा योजना से बड़ा लाभ मिलेगा। आत्मा योजना के माध्यम से कृषकों और कृषि वैज्ञानिकों के बीच जुड़ाव को बढ़ावा देते हुए खेती में आधुनिक तकनीकी को अपनाने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित किया जायेगा। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आत्मा योजना के गवर्निंग बोर्ड की बैठक जिलाधिकारी बागपत जितेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई जिसमें योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत की गई और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के प्रगतिशील किसानों को ऐसे अनुसंधान केंद्रों का भ्रमण कराया जाए जहां कृषि में नवाचार संबंधी महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित हो रहे है ताकि किसान फसल उत्पादन के साथ साथ बागवानी, पशुपालन, मछली पालन आदि का भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सके। साथ ही कृषि विभाग को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं, समुचित संसाधनों की उपलब्धता, खाद्य सुरक्षा समूह का गठन, कृष्ण मेले एवं संगोष्ठी, कृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण समय समय पर आयोजित कराए जाए। जिलाधिकारी ने कृषि उत्पादक संगठनों के बनाए उत्पादों के विक्रय हेतु मॉडल शॉप बनाने का सुझाव दिया जिसको लेकर कृषि विभाग को जगह चिन्हित कर प्रस्ताव बनाने के लिए निर्देशित किया। आयुर्वेट रिसर्च फाउंडेशन के अंतराल एफपीओ ट्यौढी द्वारा बिलौना विधि से शुद्ध देसी घी, पिलाना एफपीपी द्वारा सरसो के तेल सहित अन्य एफपीओ द्वारा उत्पाद बनाए जा रहे है।

उप कृषि निदेशक दुर्विजय सिंह ने बताया कि आत्मा योजना के अंतर्गत गत वर्ष में किसानो के लिए एक्सपोजर विजिट, उन्नत फसल तकनीकी प्रदर्शन, फार्म स्कूल प्रदर्शन आदि कराया गया है और प्रगतिशील किसानों के सम्मान के साथ ही नई तकनीकी के प्रचार प्रसार के लिए विकास खंड स्तर पर संगोष्ठी आयोजित हुई। इस वर्ष किसानों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हेतु विशेष कार्यक्रम संचालित किए जायेंगे ताकि एक मॉडल कृषि कार्य के रूप में जनपद की पहचान बने।

रसायनिकों के अंधाधुंध प्रयोग को कम करने के उद्देश्य से परंपरागत कृषि एवं प्राकृतिक खेती को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। आयुर्वेट रिसर्च फाउंडेशन से कृष्ण गोपाल ने किसानों के लिए संचालित संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और पूर्व में किसानों के सशक्तिकरण हेतु नाबार्ड के सहयोग से आयोजित हुए कैट कार्यक्रमों के विषय में बताया। फसल विविधिकरण हेतु औषधीय पौधों की खेती पर किए गए कार्य का प्रस्तुतिकरण दिया।

ऐम पब्लिक स्कूल में बच्चों को पढ़ाया संस्कार, संस्कृति व चरित्र का पाठ

विपुल जैन / युरशिया

बागपत। ऐम एजुकेशन पब्लिक स्कूल छपरौली में चल रहे निःशुल्क दस दिवसीय योग शिविर के सातवें दिन योग शिक्षार्थीयों ने प्राणायाम, ध्यान और रस्सा आसन के अभ्यास के बाद यज्ञमान रविकुमार एडवोकेट व यज्ञ की पुरोहित दीपिका आर्य के नेतृत्व में वेदमंत्रो द्वारा ब्रह्म यज्ञ सम्पन्न किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गुरूकुल कुरुक्षेत्र के मुख्य संरक्षक एवं आर्यवीर दल के अन्तराष्ट्रीय शिक्षक डॉक्टर संजीव आर्य ने योग शिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा आज संस्कारों को पोषित करने की आवश्यकता है क्योंकि ये सनातन संस्कार चरित्र का निर्माण करते है और चरित्र भारतीय संस्कृति का मूल आधार है। जिस देश के नागरिकों का चरित्र मजबूत होता निश्चित ही वह राष्ट्र मजबूत होता है। चरित्र के निर्माण से व्यक्तिव, धर्म, राष्ट्र और संस्कृति का निर्माण होता है। बौद्धिक कक्ष को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी आर आर डी उपाध्याय ने कहा हम बढ़े भाग्यशाली है क्योंकि हमारे पास संस्कृति है।

जबकि दुनियाँ के अन्य देशों के पास सभ्यता है। सभ्यतायें कुछ काल के बात नष्ट हो जाती है लेकिन संस्कृति कभी नष्ट नहीं होती। अति प्राचीन काल से भारतवर्ष ऋषियों का देश था, विभिन्न आक्रांताओं के बाद भी ऋषियों का देश है और भविष्य में भी ऋषियों का देश रहेगा यह भारतीय संस्कृति है। इस अवसर पर रविकुमार एडवोकेट, दीपीका आर्य, डॉ संजीव कुमार आर्य, प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार आर्य, प्रधानाचार्य संजीव कौशिक, डॉ रामकुमार, मा सोमदत्त शर्मा, समाजसेवी आर आर डी उपाध्याय, महेश कुमार आर्य, नरेन्द्र आर्य, योग शिक्षक हरेन्द्र आर्य, दयानंद आर्य, हिमांशु आर्य, अक्षित, जीत, देव, आदित्य, आर्यन, कार्तिक, शिवा, युवराज सुर्या उपाध्याय, देव, अर्जुन, देवांश, केशव, रोहन, अर्पित, गौरव, हर्षित, शिवम, शिवा आदि उपस्थित रहे।

अज्ञात लोगो के विरूद्ध नगर पंचायत कर्मचारियों से मारपीट, गाली गलौच करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। नगर पंचायत द्वारा कराये जा रहे तालाब सफाई व खुदाई के कार्य को कुछ लोगो ने कर्मचारियों के साथ गाली गलौच करते हुए रूकवा दिया। सूचना पाकर एसडीएम जानसठ व नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे तथा सम्बंधित लेखपाल को बुलाकर जांच करायी गयी। अधिशासी अधिकारी की तहरीर पर एक नामजद व कुछ अज्ञात लोगो के विरूद्ध नगर पंचायत कर्मचारियों से मारपीट, गाली गलौच करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

नगर पंचायत मीरापुर के अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि नगर पंचायत मीरापुर के द्वारा वार्ड एक व वार्ड तीन तालाब की साफ-सफाई व खुदाई का कार्य कराया जा रहा है। जहाँ पर कार्य कर रहें ठेकेदार की लेवर शाहिद के द्वारा बताया कि अंकुर अरोरा पुत्र देशराज व कुछ अज्ञात लोगो ने गाली गलौच की है तथा जेसीबी चालक अकरम के साथ मारपीट बदतामीजी की गयी और जेसीबी की चाबी निकालकर वाहन को कब्जे में लेने का प्रयास किया गया और कहा की अगर यहा पर कार्य करना है तो रिश्वत देनी होगी तथा अंकुर अरोरा ने अज्ञात लोगो के साथ मिलकर दबंगई दिखाते हुए तालाब में चल रहे सरकारी कार्य को बंद करा दिया। चेयरमैन जमील अहमद नगर पंचायत मीरापुर द्वारा बताया गया कि उनके साथ भी अंकुर अरोरा ने अभद्रता की। सूचना पाकर एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार व नायब तहसीलदार अजय सिंह मौके पर पहुंचे तथा दोनो तालाबो का निरीक्षण किया जिसमें तालाब की खुदाई के कार्य को सही पाया गया। इसके बाद उन्होने सम्बंधित लेखपाल को मौके पर बुलाकर दोनो तालाबो की सही नापतोल कर अतिक्रमण करने वालो लोगो को नोटिस जारी करने के लिए कहा गया। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार की तहरीर पर अंकुर अरोरा व कुछ अज्ञात लोगो के विरूद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बीआईटी के बीटेक प्रथम वर्ष का परीक्षाफल घोषित

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। भगवत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बी0टेक0 प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का परीक्षाफल घोषित हुआ जिसमें मुकुल राजपुत ने 81.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान, ऋषभ शर्मा ने 76.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय स्थान व ज्योति पाल ने 74.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया । समस्त विद्यार्थियों को संस्था के निदेशक डॉ अनुराग विजय अग्रवाल जी ने बधाई व आशीर्वाद दिया । उन्होंने छात्रों को इंजीनियरिंग के क्षेत्र अपार संभावनाओं के विषय मे विस्तार से जानकारी दी और पूर्ण मनोयोग से कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। छात्र- छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षको को दिया जिन्होंने विद्यार्थियों की हरसंभव सहायता की व अध्ययन से संबंधित हर समस्या का समाधान बताया। इस अवसर पर संस्था के सहनिदेशक डॉ अजय गुप्ता, सहायक निदेशक डॉ पुष्पनिल वर्मा, जीएम फाइनेंस दुष्यंत कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ आदित्य शर्मा व डीन डॉ अजय सिंह, विभागाध्यक्ष इंजीनियर निकुल देशवाल जी ने सभी छात्रों को बधाई दी।

कल्याणेश्वर महादेव मंदिर गढ़मिरकपुर धाम का होगा भव्य कायाकल्पः राजेन्द्रानन्द सरस्वती जी महाराज

विपुल जैन / युरशिया

बागपत। कल्याणेश्वर महादेव मंदिर गढ़मिरकपुर धाम के महंत महामण्ड्लेश्वर राजेन्द्रानन्द सरस्वती जी महाराज ने बताया कि जल्द ही धाम और मंदिर का भव्य कायाकल्प किया जायेगा। मंदिर के पूर्व महंत स्वर्गीय सदानन्द सरस्वती जी उर्फ शीतलदास जी महाराज के सपनों को साकार करते हुए मंदिर को भव्य और विशाल रूप दिया जायेगा।

पूर्व महंत स्वर्गीय सदानन्द सरस्वती जी महाराज के समाधि स्थल का भव्य निर्माण कराया जायेगा। 27 मई वर्ष 2024 को महंत स्वर्गीय सदानन्द सरस्वती जी उर्फशीतलदास जी महाराज जी को समाधि दिये जाने के बाद आदि गुरू शंकराचार्य अनन्तानंत सरस्वती जी महाराज, राजगुरू मठ, शिवाला घाट काशी के आदेश और साधु-संतो और समाज की सर्वसम्मति से महामण्ड्लेश्वर राजेन्द्रानन्द सरस्वती जी महाराज को कल्याणेश्वर महादेव मंदिर गढ़मिरकपुर धाम जनपद सोनीपत के महंत पद पर आसीन किया गया है। राजेन्द्रानन्द सरस्वती जी महाराज अपने गुरू भाई और पूर्व महंत स्वर्गीय सदानन्द सरस्वती जी के समय से ही इस धाम से जुड़े हुए है और क्षेत्र के साधु-संतो और समाज से भलीभांति परिचित है। इस प्रसिद्ध धाम में राजेन्द्रानन्द सरस्वती जी महाराज 14 मई वर्ष 2024 से लेकर 21 जून वर्ष 2024, 41 दिनों तक तपती धूप में क्षेत्र के विकास और समृद्धि के लिए 108 धूनों की कठिन तपस्या और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर चुके है। महाराज श्री धार्मिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका तो अदा करते ही है, इसके साथ-साथ इनमें देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। महाराज श्री वर्ष 1999 से लेकर वर्ष 2004 तक भारतीय सेना में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके है। आर्मी में सुबह प्रैक्टिस के समय इनको ट्रक ने टक्कर मार दी थी, जिसमें यह गंभीर रूप से घायल हो गये थे, इसी कारण इनको आर्मी की नौकरी छोड़नी पड़ी। महाराज श्री बचपन से ही बड़े धार्मिक स्वभाव के है। महाराज श्री का प्रसिद्ध काली खोली धाम में आना जाना लगा रहता है। खोली धाम में 17 जौलाई वर्ष 2019 में उन्होंने सांसारिक मोहमाया को छोड़कर महंत महाकाल गिरी खड़ेशरी जी महाराज द्वारा सन्यास ग्रहण किया। वर्ष 2022 में सरस्वती पंथ से जुड़े उज्जैन के महामण्ड्लेश्वर सर्वेशानन्द जी महाराज ने हस्तिनापुर में महाराजश्री को संस्कार दिलाया। इसके उपरान्त महाराजश्री ने देशभर में धर्म के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। कल्याणेश्वर महादेव मंदिर गढ़मिरकपुर धाम में महाराज श्री के साथ जयंती माता शक्ति पीठ मंदिर पांडु टीला हस्तिनापुर मेरठ से जुड़े प्रसिद्ध पंड़ित प्रेमानन्द जी विराजमान है और वह धाम के मंदिर में पूजा-अर्चना करते है। धाम में केशव शर्मा मुख्य सेवादार है।

टटीरी में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा प्राण प्रतिष्ठा समारोह

विपुल जैन / युरशिया

बागपत। कस्बा अग्रवाल मंडी टटीरी में पुलिस चौकी के सामने आगामी 7 जुलाई से 12 जुलाई तक सिद्ध पीठ श्री शनि धाम एवं श्री खाटू श्याम जी का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

ट्रस्ट के सचिव एवं प्रमुख समाजसेवी अंकुर शर्मा व संजीव शर्मा ने बताया कि 7 जुलाई को सुबह 7 बजे गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी ।उसके बाद 7 जुलाई से लेकर 11 जुलाई तक हर रोज सुबह 7 बजे मूर्तियों का पूजन तथा शाम को 7 बजे से प्रवचन व भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 12 जुलाई को सुबह 7 बजे मूर्तियों का नगर भ्रमण तथा दोपहर को 12 बजे भंडारा लगाया जाएगा। कार्यक्रम परम पूज्य श्री स्वदेश स्वरूप जी महाराज वृंदावन के पावन सानिध्य में होगा। आचार्य पंडित मनोहर लाल, कोषाध्यक्ष नितिन मानव, पूर्व चेयरमैन प्रमोद गुप्ता, विष्णु मित्तल, कमलकांत शर्मा व दीपक गोयल ने इस मौके पर अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से पहुंचने की अपील की।

गर्भवती महिला के साथ मारपीट

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम रूमालपुरी में उधार के रूपये मांगने पर गर्भवती महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीडित महिला ने हमला करने वालो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव रूमालपुरी निवासी काजल पत्नी अभिषेक ने अपने मामा प्रवेश राणा पुत्र राजबीर ग्राम इलाहाबास थाना भोपा को तीस हजार रूपये उधार दिये थे। उधार के पैसे मांगने पर प्रवेश राणा फोन पर भी गाली गलौच करता था। कुछ दिन पूर्व प्रिया उर्फहिमांशु पुत्री प्रवेश राणा अपने साथ दो अज्ञात लोगो को लेकर रूमालपुरी आ पहुंची तथा घर पर अकेली देखकर उसके साथ गाली गलौच व मारपीट करते हुए पेट में लात मार दी। काजल सात माह की गर्भवती है। पीडिता ने हमला करने वाले लोगो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है।

प्याउ लागाने के लिए शिया समुदाय के दो पक्षो में विवाद

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। कस्बे के मौहल्ला मुश्तर्क में शिया समुदाय का धार्मिक स्थल है प्रतिवर्ष मोहर्रम के दिनो में इसी स्थान से ताजिये प्रारम्भ किये जाते हैं। इसी स्थान पर प्याउ लागाने के लिए शिया समुदाय के दो पक्षो में विवाद चल रहा था। उपजिलाधिकारी के सहयोग से प्याउ लागने के पर सभी की सहमती बन गई है।

कस्बे के मौहल्ला मुश्तर्क में पचदरा इमाम बारगाह पर शिया समुदाय के दो पक्षो में सबील इमाम हुसैन (प्याउ) लगाने को लेकर विवाद चल रहा था। दोनो पक्षो की ओर से उपजिलाधिकारी जानसठ के कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिये गये थे। 27 जून को उपजिलाधिकारी सुबोध कुमार तथा नायब तहसीलदार अजय सिंह ने पंचदरा पहुंच कर दोनो पक्षो के लोगो को बुलाकर सुलहनामा कराया। दोनो पक्षो ने तय किया कि अब सबील इमाम हुसैन लगाने का विवाद समाप्त हो गया है शीघ्र प्याउ का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। आठ जौलाई से शुरू होने वाले मोहर्रम को देखते हुए साफसफाई का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इस मौके पर हैदर मेहदी, शबी हैदर, नजीर हैदर, सज्जाद हैदर, शमशुल हसन, अजादार हुसैन, पूर्व चेयरमैन जहीर कुरैशी आदि मौजूद रहे।

संपादकीय

असुविधा का टोल टैक्स गुणवत्ता के बिना सेवा शुल्क वसूलना गलत

संजय त्यागी 'महादेव'

इस बात में कोई दो राय नहीं हो सकती कि गुणवत्ता की सेवा दिए बिना कोई टैक्स वसूलना उपभोक्ता के साथ अन्याय है। यह बात हर सरकारी व निजी महकमे पर लागू होती है। लेकिन यथार्थ में ऐसा होता नहीं है और बेहतर सेवा के बिना टैक्स वसूलने के खिलाफ लोग लोक अदालतों से लेकर विभिन्न अदालतों के दरवाजे खटखटाते रहते हैं। बहरहाल, यह बात सर्वविदित है, लेकिन केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान ने इस बहस को तेज किया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री ने स्वीकारा कि सड़कें अच्छी नहीं होने पर तमाम शिकायतें हमें मिलती हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हैं। सही मायनों में गुणवत्ता की सड़क प्रदान करने पर ही हमें टोल वसूलने का अधिकार मिलता है। जाहिर सी बात है कि गड्ढों व कीचड़ वाली सड़कों पर टैक्स वसूलने पर पब्लिक की नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आएगी। निस्संदेह, परिवहन मंत्री की स्वीकारोक्ति एक अच्छा कदम है और हर विभाग के मंत्री को अपने अधीनस्थ विभागों की कारगुजारियों पर नजर रखनी चाहिए। मंत्री को विभाग की खामियों पर पर्दा डालने के बजाय सेवा में सुधार की पहल करनी चाहिए। अब चाहे मामला राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यरत एजेंसियों का हो या फिर बिजली-पानी जैसे मूलभूत जरूरतों वाले विभागों का, अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। साथ ही जरूरी है कि शिकायत दर्ज करने और शिकायतों के तुरंत निवारण हेतु एक स्वतंत्र तंत्र भी विकसित किया जाना चाहिए।

निस्संदेह, इसमें दो राय नहीं कि राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि के बनने से यात्रियों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है। लोगों के समय व वाहनों में पेट्रोल-डीजल में बचत हुई है। लेकिन कई स्थानों पर सड़कों की गुणवत्ता में कमी या सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों का उजागर होना, उपभोक्ताओं को परेशान करता है। पहले राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स चुकाने के लिये घंटों लाइन में लगना पड़ता था। कालांतर फास्टैग व्यवस्था से टोल कटने लगा। आज 98 फीसदी वाहनों में स्मार्ट टैग के माध्यम से निर्बाध यात्रा की जा रही है। आने वाले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित टोल संग्रह प्रणाली को अंजाम देने की तैयारी में है। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेटों की जरूरत नहीं रह जाएगी। फिर टोल प्लाजा पर गाड़ी धीमी करने व रोकने की भी जरूरत नहीं रहेगी। इसे देश में चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। पहले व्यावसायिक वाहनों से इसका प्रयोग शुरू होगा। जिसके लिये वाणिज्यिक वाहनों के लिये वाहन ट्रैकर सिस्टम यानी वीटीएस स्थापित करना जरूरी होगा। कालांतर अगले चरण में निजी वाहन भी इस टोल प्रणाली के दायरे में लाए जाएंगे। सरकार को उम्मीद है कि इस प्रणाली के लागू होने से टैक्स चोरी रुकेगी और जीएनएसएस आधारित टोल संग्रह प्रणाली से सरकार के टोल राजस्व में दस हजार करोड़ रुपये की वृद्धि होगी। दरअसल, यह नया सिस्टम न केवल सही ट्रैकिंग कर पाएगा बल्कि यह राजमार्ग पर उपयोग की गई दूरी के आधार पर सटीक टोल गणना भी करेगा। बहुत संभव है आने वाले वर्षों में कार निर्माता कंपनियां अपने वाहनों पर ट्रैकिंग डिवाइस लगाएं। प्रारंभ में इस सिस्टम को प्रमुख हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर लागू किया जाएगा। जिसमें तय की गई दूरी के आधार पर ओबीयू से लिंक किए गए बैंक खाते से टोल टैक्स की राशि स्वतरू कट जाएगी। निश्चित रूप से इस नये सिस्टम से भविष्य में टोल प्लाजा की आवश्यकता न होगी, लोगों का समय भी बचेगा। लेकिन सरकार ध्यान रखे कि सड़कों की गुणवत्ता को बनाये रखना पहली प्राथमिकता बनी रहे।

'नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल', 'आरई100' में शामिल हुई, 100ः नवीकरणीय ऊर्जा डेटा केंद्र कंपनी बनने के लिए प्रतिबद्ध है

युरेशिया संवाददाता

मेरठ । भारत की अग्रणी डेटा सेंटर कंपनियों में से एक, 'नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल', 'आरई100' पहल में शामिल हो गई है - जो कार्बन डिस्क्लोजर प्रोजेक्ट (सीडीपी) के साथ साझेदारी में क्लाइमेट ग्रुप के नेतृत्व वाली एक प्रमुख वैश्विक पहल है कृ और इसने बिजली की 100ः आपूर्ति नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

आशीष अरोड़ा, सीईओ कृ 'नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल' ने कहा, 'हम पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार ब्रांड हैं और स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों को तेजी से अपना रहे हैं। हम 2031 तक कार्बन उत्सर्जन के मामले में नेट-जीरो बनने के लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में मजबूत कदम उठाते हुए आगे बढ़ रहे हैं और 100ः बिजली की आपूर्ति नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने की प्रतिबद्धता के साथ 'आरई100' पहल का हिस्सा बनकर गर्व अनुभव कर रहे हैं।'इसके साथ, नेक्स्ट्रा भारत का एकमात्र डेटा सेंटर संगठन बन गया है, जिसने 'आरई100' के समक्ष पर्यावरणीय सस्टेनिबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और 2031 तक कार्बन उत्सर्जन के मामले में नेट-जीरो बनने का लक्ष्य प्राप्त करने का वचन दिया, और 'आरई100' को ऐसा वचन देने वाली 14वीं भारतीय कंपनी बनने की उपलब्धि हासिल की है। सिरेम्स चेंज कृ इंडिया के निदेशक, अतुल मुदलियार ने कहा, 'डेटा सेंटर बहुत अधिक ऊर्जा का उपयोग करते हैं, फिर भी यह बात अनदेखी की जाती है कि कार्बन उत्सर्जन के मामले में इनका पर्यावरण पर कितना नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। नेक्स्ट्रा को अपने कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाएं अपनाने के लिए आगे बढ़कर जिम्मेदारी भरे कदम उठाते हुए देखना सभी के लिए बहुत प्रेरणादायक है। अपने परिचालनों के लिए ऊर्जा की आपूर्ति नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने की नेक्स्ट्रा की पहल, डेटा सेंटर कंपनियों के लिए स्वच्छ भविष्य की दिशा में तेजी से प्रगति करने के लिए उपयुक्त उदाहरण होगी। 'नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल' को 'आरई100' में स्वागत करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है।' 'नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल' अपने कारोबार का संचालन सस्टेनेबिलिटी को अपना मूलमंत्र बनाकर करती है और वह श्जागरूक रहते हुए जिम्मेदार बनने और सस्टेनेबल डिजाइन अपनानेश् के अपने मिशन के अनुरूप पर्यावरण अनुकूल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने इस प्रयास के अंग के रूप में, कंपनी ने ऐसा बहुआयामी दृष्टिकोण लागू किया है, जिसमें परिचालन दक्षता और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी नवाचार, परिचालन उत्कृष्टता और बड़े पैमाने पर संपन्न किए जाने वाले कई तरह के कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। इसने अपने परिचालनों के दौरान एब्सोल्यूट स्कोप 1 और 2 ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन को कम करने और वित्त-वर्ष 2031 तक अपना कार्बन उत्सर्जन नेट-जीरो करने के लिए कई कार्यक्रमों को अपनाया है। 'नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल' का देश भर में 12 बड़े और 120 एज डेटा केंद्रों के साथ भारत में डेटा केंद्रों का सबसे बड़ा नेटवर्क है। अधिक जानकारी के लिए, www.nxtra.inपर जाएं।

धर्म का मर्म

एकदा

लाहौर में आयोजित दरबार में महाराजा रणजीत सिंह जी का राजतिलक समारोह हो रहा था। जब उन्हें 'महाराजा' शब्द से संबोधित किया गया तो उन्होंने कहा, 'मैं राजा नहीं, सबका सेवक हूं। महाराजा तो वह ऊपर वाला है। मुझे मेरे नाम से ही पुकारो।' इसके बाद रस्म के मुताबिक उनके सिर पर हीरों का हार रखा जाना था। लेकिन उन्होंने हीरों से जड़ित ताज पहनने से भी इनकार कर दिया। परंपरानुसार उनके नाम पर 'महाराजा रणजीत सिंह सिक्का' चलाने का अवसर आया। लेकिन उन्होंने कहा यह सिक्का मेरे नाम पर नहीं, गुरुनानक देव जी महाराज के नाम पर चलाया जाना चाहिए और तब पहली बार नानकशाही सिक्का चलाया गया। रणजीत सिंह ने न्याय को सर्वोपरि धर्म घोषित कर प्रत्येक नागरिक को निष्पक्ष न्याय और आवश्यक सुविधाएं दिए जाने का आदेश जारी किया। वे धर्म का असली मर्म समझते थे।

प्रस्तुति :जयगोपाल शर्मा

टूकॉलर ने धोखाधड़ी का बीमा आरंभ करने के लिए एच.डी.एफसी. एर्गो के साथ की साझेदारी

युरेशिया संवाददाता

मेरठ । विश्व के विश्वस्तरीय संचार के एक प्रमुख प्लैटफॉर्म, टूकॉलर ने भारत की एक प्रमुख जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एच.डी.एफसी. एर्गो के साथ मिलकर धोखाधड़ी का बीमा आरंभ करने की गर्व से घोषणा की है, जो कि भारत में डिजिटल संचार से संबंधित धोखाधड़ी के विरुद्ध उपभोक्ताओं को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की जाने वाली एक पहल है।

भारतीय साइबर अपराध समन्वयन केंद्र (Indian Cyber Crime Coordination Centre) की एक हाल की रिपोर्ट से पता चलता है कि पिछले तीन वर्षों में डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी का मूल्य रु. 1.25 लाख करोड़ था। साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते हुए मामलों के साथ, यह बीमा की यह अभिनवकारी प्रस्तुति धोखाधड़ी से निपटने और ऐप की अत्याधुनिक सुविधाओं के द्वारा मोबाइल से वाद-व्यवहार करने से पहले, उसके दौरान और उसके बाद में उपभोक्ता की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए ट्रूकॉलर की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

टूकॉलर के धोखाधड़ी के बीमा को प्रस्तुत करने के बारे में बोलते हुए, ट्रूकॉलर के भारत के मुख्य उत्पाद अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, ष्हम उपभोक्ताओं की सुरक्षा और भरोसे को प्राथमिकता देने वाले व्यापक समाधान प्रदान करने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में बीमा की इस अभिनवकारी उत्पाद को प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्न हैं। धोखाधड़ी के

बीमा की प्रस्तुति के साथ, हम केवल किसी सुविधा को आरंभ ही नहीं कर रहे हैंय बल्कि हम अपने समूह को डिजिटल धोखाधड़ी के निरंतर परिवर्तित होने वाले खतरों से बचाने और उन्हें आज के जटिल डिजिटल परिवेश में मन की शांति प्रदान करने के लिए अपनी लगन को तटस्थ कर रहे हैं। जैसे-जैसे हम डिजिटल वाद-व्यवहार के परिवर्तित होते हुए परिवेश के लिए अभिनवता लाते और स्वयं को ढालते जा रहे हैं, ट्रूकॉलर उपभोक्ताओं को ऑनलाइन सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक उपकरणों के साथ सशक्त बनाने के अपने वचन पर अडिग है।'

धोखाधड़ी का बीमा प्रदान करने वाला यह उत्पाद पूरे भारत में एंड्राइड और आई.ओ.एस. का उपयोग करने वाले व्यक्तियों को रु. 10,000 तक की सुरक्षा प्रदान करेगा। यह उत्पाद टूकॉलर के वार्षिक प्रीमियम सब्सक्राइबरों के लिए उपलब्ध है और मौजूदा ग्राहक अपने मौजूदा प्लान के अधीन निःशुल्क सुरक्षा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सभी उपभोक्ताओं के लिए एक सहज और परेशानी-रहित अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, धोखाधड़ी की सुरक्षा को ट्रूकॉलर ऐप में सहजता से समायोजित किया गया है, और उपभोक्ता द्वारा बीमा का विकल्प चुने जाने के बाद इसे सक्रिय कर दिया जाता है। बीमा के इस प्लान के लिए किसी भी प्रकार के अतिरिक्त दस्तावेज जमा कराने की आवश्यकता नहीं होती है और इसे टूकॉलर ऐप के द्वारा ही तुरंत खरीदा जा सकता है। यह नई प्रस्तुति ए.आई. स्पैम ब्लॉकिंग, ए.आई. असिस्टेंट और कॉल स्कैनर और धोखाधड़ी के बीमा की मदद से कॉल का उत्तर देने के समय से लेकर बात-चीत के दौरान और उसके बाद में हर प्रकार की सुरक्षा प्रदान करके उपभोक्ता के अनुभव को और भी बेहतर बनायेगी। एच.डी.एफसी. एर्गो जनरल इंश्योरेंस के संयुक्त अध्यक्ष, कमर्शियल लाइन्स, विशाल सिकंद ने कहा, 'महामारी ने देश में डिजिटल मोबाइल से भुगतान करने के तरीकों के उपयोग को बढ़ा दिया है। जहाँ यह सुविधा प्रदान करता है, वहीं देश में डिजिटल धोखाधड़ी को भी बढ़ा देता है। हम टूकॉलर के साथ साझेदारी करके प्रसन्न हैं क्योंकि ग्राहक-आधारित अभिनवताओं को प्रस्तुत करते हुए अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता को यह उजागर करता है। टूकॉलर के उपभोक्ताओं की व्यापक संख्या के साथ हमारी बीमा की व्यापक प्रस्तुति देश में डिजिटल वाद-व्यवहार से संबंधित धोखाधड़ी से सुरक्षा के साथ-साथ वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगी। धोखाधड़ी के बीमा की प्रस्तुति टूकॉलर की उन उत्पादों को प्रस्तुत करने की प्रतिबद्धता को और भी तटस्थ बनाती है जो धोखाधड़ी से सुरक्षा के व्यापक समाधान प्रदान करती है, जिससे डिजिटल अनुभवों को प्रभावी ढंग से सुरक्षित बनाया जा सकता है।

राष्ट्रपति द्वारा संसद के संयुक्त सत्र को संबोधन में पेपर लीक की गूंज-परीक्षा में सुचिता व पारदर्शिता बहुत जरूरी

भारत में पेपर लीक मामले-अब बातें नहीं शैक्षणिक बुलडोजर की जरूरत-फास्ट ट्रैक कोर्ट में तीन माह में फैसले की जरूरत

एड किशन भवानी
कर विशेषज्ञ

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में प्रतिष्ठित भारतीय बौद्धिक क्षमता का डंका कहीं हमारे आगे की पीढ़ियों में कम ना हो जाए, इसकी आशंका बुद्धिजीवी वर्ग व्यक्त कर रहे हैं, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह पेपर लीक मामले आ रहे हैं, उसे यह अंदेशा साफ लगाया जा सकता है कि,अब अपात्र असक्षम व अयोग्य व्यक्तियों की घुसपैठ बड़ी मात्रा में बड़े-बड़े सरकारी गैर सरकारी व प्रोफेशनल व्यवसाय में हो रही है जो स्वाभाविक ही प्रतिष्ठित भारतीय बौद्धिक क्षमता के डंके को चोट पहुंचा सकती है। क्योंकि यदि आरोग्य लोग डॉक्टर इंजीनियर आईआईटी सिविल सर्विसेज सहित अन्य उपाधियां लेकर आ आएंगे तो स्वाभाविक रूप से उनका परफॉर्मेंस अपेक्षाकृत नहीं होगा वैश्विक मानकों पर खरा नहीं उतरेगा तो भारत की प्रतिष्ठा धूमिल होगी, जिसका सीधा प्रभाव विजन 2047 पर पड़ेगा, इसलिए अब समय आ गया है कि इन पेपर लीक माफ्यिाओं की नकेल अति सख्ती से कसी जाए,इसके लिए मेरे विचार में यह सुझाव आ रहे हैं, जिनपर संभव हो तो सरकारों द्वारा विचार किया जा सकता है।(1) पेपर लीक मामले पर भी बुलडोजर नीति अपनाना (2) हर राज्य में यूपी पेपर लीकअध्यादेश मॉडल कानून करना (3) फास्ट ट्रैक कोड बनाना जो तीन माह में सुनवाई कर फैसला दे (4) यह फैसले की फास्ट ट्रैक कोर्ट, सभी अपीलीय कोर्टों व प्राधिकरण में करना (5) शिक्षा माफ्यिाओ को चिन्हित कर उनकी चौनल को तोड़ना (6) पेपर के सब्सडायरी चौनलो जैसे ट्रांसपोर्टेशन भंडारण वितरण को अति सख्त करना (7)पेपर मॉडल बनाने वालों का चयन अति सुचिता योग्यता व तकनीकी सुरक्षा से करना (8) अल्टरनेट पेपर सेटों की संख्या में वृद्धि करना (9) शिक्षा क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों की छिपी अघोषित संपत्तियों का संज्ञान लेकर कार्रवाई की सिफारिश करना (10) पेपर लीक आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धाराएं लगाना सहित इससे भी सख्त कार्रवाई के सेक्शंस को जोड़ा जा सकता है।यह बात आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि मेरी जानकारी में शायद है पहली बार हो रहा है कि माननीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा 27 जून 2024 को संसद के संयुक्तसत्र में अपने संबोधन में पेपर लीक का मुद्दा उठाया है व कार्रवाई की बात कही है, जो पूरी दुनिया ने सुनी है। इसलिए मेरे उपरोक्त सुझावों पर गौर करने की अपेक्षा में करता हूं, तथा सबसे अहम बात आरोपियों को न्यायिक प्रणालियों में लंबा समय मिल जाता है जो उनके छूटध्एक्यूटल या वह मामला रफादफा होने का प्रमुख कारण बन जाता है इसलिए निचली कोर्ट से लेकर ऊपरी कोर्ट तक इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में निपटना व अपीलीय कोर्ट व प्राधिकरण सहित अधिकतम तीन माह में फैसले पर विचार करना होगा। चूंकि आज संसद के दोनों सत्रों में राष्ट्रपति के संबोधन में पेपर लीक का मामला गूंजा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत में पेपर लीक मामले अब बातें नहीं शैक्षणिक बुलडोजर चलाने की जरूरत है तथा फास्ट्रेक कोर्ट में तीन माह में फैसले की जरूरत है।

साथियों बात अगर हम माननीय राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 27 जून 2024 को संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन में पेपर लीक मामले पर बोलने की करें तो, संयुक्त अभिभाषण के दौरान नीट पेपर लीक को लेकर बात की। इस दौरान विपक्ष ने जमकर शोर मचाया,उन्होंने कहा हमारी सरकार देश के हर युवा को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए सही माहौल बनाने में जुटी हुई है।राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने श्नीट-नीटश् के नारे लगाए। इस दौरान राष्ट्रपति को विपक्षी सांसदों को सुनिए-सुनिए तक कहना पड़ा।राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर मिले। सरकारी भर्ती हो या फिर परीक्षाएं, इनमें अगर किसी भी वजह से रुकावट आए तो ये उचित नहीं है। इन परीक्षाओं में शुचिता और पारदर्शिता बहुत जरूरी है। पेपर लीक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में कुछ परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं हुईं, जिनकी निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमने कई राज्यों में पहले भी पेपर लीक की घटनाओं को होते हुए देखा है। इस मुद्दे पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देशव्यापी उपाय करने की जरूरत है। संसद ने परीक्षा में होने वाली गड़बड़ियों के खिलाफएक सख्त कानून बनाया है। सरकार परीक्षाओं से जुड़ी संस्थाओं, उनके कामकाज, परीक्षा प्रक्रिया समेत सभी सुधार करने की कोशिश कर रही है। राष्ट्रपति द्वारा पेपर लीक काजिक्र करने के दौरान विपक्ष जमकर नारेबाजी करते हुए नजर आया।राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 10 सालों में ऐसे हर अवरोध को हटाया गया है, जिनसे युवाओं को परेशानी रही है। पहले अपने सर्टिफिकेट को अटैच करने के लिए भटकना पड़ता था। अब युवा खुद ही ये काम कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ग्रुप-सी और ग्रुप डी भर्तियों से इंटरव्यू को खत्म किया गया है। उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा कि संसद ने पेपर लीक पर कड़ा कानून बनाया है। यह कानून 21 जून की रात से देशभर में लागू हो चुका है। नए कानून के तहत पेपर लीक करने या आंसर शीट केसाथ छेड़छाड़ करने पर कम से कम 3 साल की जेल और 10 लाखरुपये का जुर्माना हो सकता है। सरकार की तरफ से नए कानून का मकसद परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ियों को रोकना है। नए पेपर लीक कानून के दायरे में लोक संघ लोक सेवा आयोग, एसएससी, जेईई,नीट, सीयूईटी, रेलवे बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और एनटीए की तरफसे आयोजित सभी परीक्षाएं सख्ती साथ के कवर होंगी। साथियों बात अगर हम यूपी में लाए गए पेपर लीक संबंधी 2024 के नए अध्यादेश की करें तो यूपी में पेपर लीक की घटनाओं पर सरकार सख्त तेवर दिखाते हुए अध्यादेश लाई है, जिसके तहत पेपर लीक में दोषी पाए जाने पर एक करोड़ रुपये के जुर्माने से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान किया गया है।सीएम के कड़े तेवरों ने साफकर दिया है कि यूपी में पेपर लीक की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रस्ताव को कैबिनेट की

राष्ट्रपति के अभिभाषण में पेपर लीक मामले में कड़ी सजा सुचिता व पारदर्शिता की प्रतिबद्धता सराहनीय-हर राज्य को सख्त कानून बनाना जरूरी

मंजूरी मिल गई है। अब परीक्षा में होने वाले खर्च की भरपाई भी सॉल्वर गैंग से वसूलने की तैयारी की गई है। इसमें दोषियों की संपत्ति तक को कुर्क किया जा सकता है।लोकसभा चुनाव से पहले यूपी में कई भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ीके मामले सामने आएथे,जिसके बाद सीएम नकल माफ्यिाओं के खिलाफसख्त एक्शन लेने का वादा किया था। चुनाव से ठीक पहले यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा तक को रद्द करना पड़ा था।विपक्षी दलों ने इसे चुनाव में बड़ा मुद्दा भी बनाया और इसका असर भी देखने को मिला।

साथियों बात अगर हम पेपर लीक मामले में 27 जून 2024 को पूरे देश में आक्रोश की करें तो मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर देशभर में आक्रोश है। छात्र सड़कों पर उतरकर सिस्टम के खिलाफप्रदर्शन कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में कई याचिकाएं भी लगाई गई हैं।अब नीट पेपर लीक का मामला संसद में भी गूंजने वाला है। शुक्रवार (28 जून) को बड़ी पार्टी की अगुवाई में इंडिया गठबंधन लोकसभा और राज्यसभा में नीट विवाद पर स्थगन प्रस्ताव लासकती है। पार्टी अध्यक्ष के आवास पर हुई इंडिया गठबंधन दलों की बैठक में ये फैसला लिया गया है।सरकारी सूत्रों ने कहा कि नीट मुद्दे पर सीबीआई की जांच से लेकर स्पेशल कमिटी बनाने तक हर संभव कार्रवाई की गई है। कमिटी की रिपोर्ट जल्द आने की उम्मीद है। साथ ही एंटी पेपर लीक कानून लागू होने से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो गई है। इससे एक मजबूत एजुकेशन सिस्टम की नींव भी रखी जा सकेगी। वहीं दूसरी ओर नीट पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ता एनटीए के दफ्तर में घुस गए हैं। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए एनटीए के गेट पर अंदर से ताला लगा दिया।अब तक सीबीआई ने 6 में से 5 राज्यों में कुल 29 गिरफ्तारियां की हैं। बिहार के पटना से दो को आज गिरफ्तार किया गया है।मास्टरमाइंड फरार बताया जा रहा है। गुजरात से 5 गिरफ्तारियां हुई हैं। महाराष्ट्र के लातूर से दो को अरेस्ट किया गया है। झारखंड से 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।पश्चिम बंगाल से एक आरोपी को पकड़ा गया है। बता दें कि विवादनेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 5 मई को नीट (यूजी) एग्जाम करवाया था। परीक्षा में कुल 24 लाख छात्र शामिल हुए थे। परीक्षा में बहुत ज्यादा नंबर दिए जाने के आरोप लगे हैं।इस वजह से इस साल रिकॉर्ड 67 कैंडिडेट्स ने परफेक्ट स्कोर के साथ टॉप रैंक हासिल किया है। पिछले साल टॉप रैंक पर मात्र दो स्टूडेंट आए थे। ऐसे में स्टूडेंट्स का आरोप है कि कई कैंडिडेट्स के मार्क्स प्लान के तहत घटाए और बढ़ाए गए हैं। दूसरी ओर, 6 सेंटर में एग्जाम कराने में देरी हुई।समय की बर्बादी की भरपाई के लिए ऐसे सेंटरों में कम से कम 1563 स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स भी दिए गए, जो जांच के दायरे में हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि राष्ट्रपति द्वारा संसद के संयुक्त सत्र को संबोधन में पेपर लीक की गूंज-स परीक्षा में सुचिता व पारदर्शिता बहुत जरूरी।भारत में पेपर लीक मामले-अब बातें नहीं शैक्षणिक बुलडोजर की जरूरत फास्ट ट्रैक कोर्ट में तीन माह में फैसले कीजरूरत राष्ट्रपति के अभिभाषण में पेपर लीक मामले में कड़ीसजा सुचिता व पारदर्शिता की प्रतिबद्धता सराहनीय-हर राज्य को सख्त कानून बनाना जरूरी है।

सुनीता हत्याकांड का खुलासा, भाई ही निकला कातिल लूट के बाद दिया वारदात को अंजाम

ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में हुए सुनीता हत्याकांड का खुलासा कर पुलिस ने भाई उपेंद्र मिश्रा को किया गिरफ्तार

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। ब्रह्मपुरी के इंदिरानगर में हुए सुनीता हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतका के सगे भाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गिरफ्त में आया अपनी ही बहन के हत्याकांड का आरोपी सेना से सेवानिवृत्त है और दिल्ली के डीएलएफ मॉल में नौकरी करता है। वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया और लूट का सामान बरामद किया गया है। पुलिस के द्वारा की गई पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या और लूट की वारदात को अंजाम देना

स्वीकार कर लिया है।गुरूवार को पुलिस लाइन में हुई प्रेस वार्ता के दौरान एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि राधेश्याम मिश्रा परिवार के साथ इंदिरानगर गली-2 में रहते हैं। राधेश्याम ओटी टेक्नीशियन है। इनका बेटा गुरुग्राम में जॉब करता है। बेटी ने हाल ही में प्रेम विवाह किया था, जिसे लेकर परिजन नाराज थे। 21 जून की रात राधेश्याम की पत्नी सुनीता घर में अकेली थी। रात करीब 12 घर में घुसे एक बदमाश ने सुनीता की गोली मारकर हत्या कर दी और जेवरात-नकदी लूटकर फरार हो गया। कातिल रात करीब 12.26 बजे घर से निकला और घर में खड़ी राधेश्याम की बाइक का इस्तेमाल किया। कातिल ने बाइक को दिल्ली चुंगी के पास छोड़ दिया था। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास कैमरों की जांच की तो खुलासा हुआ कातिल कपड़े से अपना चेहरा लगातार छिपाए रहा। दिल्ली चुंगी पर बाइक

खड़ी करने के बाद आरोपी मेट्रो प्लाजा से एक ई-रिक्शा में बैठ गया। ई-रिक्शा बेगमपुल की ओर गया। भैंसाली डिपो के आसपास आरोपी गायब हो गया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर सुनीता के भाई उपेंद्र मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। उपेंद्र आर्मी से रिटायर्ड है और दिल्ली के एक मॉल में जॉब करता है। दिल्ली बॉर्डर पर यह मॉल बताया गया है। पुलिस ने वीडियो फुटेज से आरोपी की कद काठी का मिलान किया और अन्य साक्ष्य जुटाए। उपेंद्र को गिरफ्तार कर पुलिस मेरठ ले आई। आरोपी की निशानदेही पर घर से लूटे कुछ जेवर भी बरामद हुए हैं, जिनकी पहचान राधेश्याम ने की है। पूछताछ में उपेंद्र मिश्रा ने बताया कि उसकी बहन सुनीता की बेटी का विकास नाम के लड़के से प्रेम प्रसंग था। जिसके साथ वह भाग चुकी थी। इसके बाद जब वह बरामद हुई तो बहन ने अपनी बेटी को उसके साथ सुल्तानपुर भेज दिया, लेकिन रास्ते में ही वह बरेली स्टेशन से भाग गई और विकास के साथ दो साल पहले शादी कर ली। इसे लेकर उसकी बहन और जीजा उसे ही दोषी मानते हैं। उपेंद्र ने बताया कि इन दिनों उसे पैसों की जरूरत थी, जिसके लिए उसने अपने जीजा से बात की तो उन्होंने मना कर दिया। घटना वाले दिन उसने शाम छह बजे अपनी बहन सुनीता को फोन मिलाया तो उसने भी रूपये देने से मना करते हुए उसे फिर से अपनी बेटी को लेकर ताना दिया। इसके बाद उसने बहन से कहा कि वह उसके घर आ रहा है। उसी दिन उसने सोच लिया था कि आज सारा मामला ही खत्म करना है। उपेंद्र ने बताया कि वह रात में करीब नौ बजे अपनी बहन के यहां पहुंचा। बहन ने जैसे ही दरवाजा खोला, उसने उसके सिर पर पत्थर से वार कर बेहोश कर दिया और बेडरूम में जाकर लिटा दिया। इसके बाद उसने सेफखोलकर उसमें रखी ज्वैलरी और नकदी निकाल कर अपने बैग में रख ली। तभी वहां रखी लाइसेंसी रिवाल्वर को उठाकर उसने बेहोश बहन की कनपटी पर गोली मारकर रिवाल्वर उसके हाथ में पकड़ा दिया था। इसके बाद उसने घर के सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर और सुनीता का फोन भी अपने बैग में रख लिया था। वारदात को अंजाम देने के बाद फ्रिज के ऊपर रखी जीजा की बुलेट बाइक की चाबी उठाकर बाइक लेकर घर से निकल गया था। लेकिन शक्ति पेट्रोल पंप के पास बाइक बंद हो गई। जिसे वह वहीं छोड़कर भैसाली बस अड्डे पहुंचा और बस पकड़ कर वापस दिल्ली चला गया था।

एक नजर..

दो वर्ष की बच्ची की मां प्रेमी संग फरार

अजीत सिंह /युरेशिया

अंबेडकर नगर सम्मनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो वर्ष की बच्ची को पिता के पास छोड़कर मां गांव के प्रेमी के साथ फरार हो गई। शिकायत पर परिवार को जान से मारने की धमकी मिल रही है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव से प्रेम प्रसंग का मामला प्रकाश में आया है। एक महिला का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला दो वर्ष के बच्ची की मां भी है। दोनों फोन पर लंबी बातें करते थे। एक साथ जीने मरने की कसमें खाते थे। कुछ दिन पूर्व महिला अचानक लापता हो गई। पति-व विधवा सास ने पहले तो अपने स्तर से काफी खोजबीन की। लेकिन पता नहीं चल सका। बाद में पता चला कि वह गांव के ही अपने एक प्रेमी के साथ मुंबई में रह रही है। दो वर्ष की बच्ची को छोड़कर निर्दई मां मुंबई से पति को फोन पर जान से मारने की धमकी दे रही है। वहीं मां से बिछड़ कर दो वर्ष की बच्ची का रो-रो कर बुरा हाल है। सास ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कहा तहरीर मिली है जांच पड़ताल की जा रही है।

मछ्ली गांव में मजलिसे बरसी 29 जून को

अजीत सिंह /युरेशिया

अंबेडकर नगर अंबेडकर नगर। जलालपुर तहसील क्षेत्र के मौजा मछलीगांव में दिवंगत सैयद नफीस रजा की बरसी की मजलिस 29 जून शनिवार को रात्रि आठ बजे से होगी। आयोजक शीबू रिजवी के अनुसार मजलिस का आगाज तिलावते कुरआन पाक से होगी। उसके बाद मौलाना सैयद अब्बास इरशाद नकवी मजलिस को संबोधित करेंगे। जबकि नैय्यर लोरपुरी हमनवां संग सोजख्वानी और मुदस्सिर जौनपुरी नौहाखानी तथा रियाज बाकिर इलाहाबादी पेशखानी करेंगे।

जिलाधिकारी ने किया ईवीएमध्वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा आईटीआई साकेत तथा कंकरखेडा स्थित मार्शल पिच में ईवीएमध्वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां कंट्रोल रूम, सीसीटीवी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर उनके साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति राजपाल सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी वेदपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी व प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

भूमाफियाओं के विरोध में शिव सैनिकों ने घेरा एम.डी.ए कार्यालय

आकाश कुमार/ युरेशिया

मेरठ। गढ़ रोड स्थित बाबा जादूगर मंदिर की भूमि पर एम डी ए द्वारा भूमाफ्याओं का नक्शा पास करने पर शिवसेना उद्धव गुट ने शिवसेना प्रदेश महासचिव व पश्चिमी यूपी प्रभारी धर्मेन्द्र तोमर के नेतृत्व में मंदिर ट्रस्ट के समर्थन में एमडीए उपाध्यक्ष का घेराव किया तथा मंदिर ट्रस्ट द्वारा वी सी को ज्ञापन सौंपा गया। जिस एमडीए उपाध्यक्ष ने भूमाफ्याओं द्वारा किए जा रहे निर्माण पर रोक लगाने का आश्वासन देते हुऐ पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए। मंदिर ट्रस्ट की ओर से पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, पूर्व बार सचिव सतीश शर्मा व शिवसेना की ओर से अवनीश आर्य, कमल प्रजापति, अजीज ठेकेदार, पूजा सिंघल, सुमन तोमर , रूची, बबीता शर्मा, अमित पाल, दीपक वैश्य, प्रदीप कुमार, जसवीर सिंह, धूम सिंह, राहुल आदि शामिल रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सैनिक बंधु बैठक

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने पुराने बिंदुओं की समीक्षा करते हुए आदेश किया कि भूतपूर्व सैनिक के लंबित मसले खासकर के जमीन के विवाद एक निश्चित समय में निस्तारित किए जाएं। आज की बैठक मे भूतपूर्व सैनिक अनीत कुमार निवासी-कुलीजन सरधना,मेरठ के खेत से अवैध खनन की जांच के लिए उन्होंने एक जांच समिति बैठाने का निर्देश दिया, मौके पर संबंधित तहसीलदार की पेशी की गई, कार्यवाही सही रूप से न होने पर जिलाधिकारी ने आपत्ति जताई। श्रीमति सविता देवी पत्नी शहीद अनिल कुमार दिनांक 12 जून 2003 को शहीद हो गये थे। जमीन आवंटन के मामले में उन्होंने निगम के अधिकारी को सभी दस्तावेज के साथ तलब किया है। जिन भूतपूर्व सैनिकों का बंदूक लाइसेंस रूका हुआ है, उस पर भी जल्द कार्यवाही की बात की गई है। सैनिक कल्याण कार्यालय के सामने की सड़क बदहाल रूप में है, जिसकी मरम्मत के लिए नगर निगम से निवेदन किया गया था। नगर निगम के अधिकारी ने बताया अगले 3 महीने में यह कार्य पूर्ण रूप से पूरा किया जायेगा, इसके लिए रू0 18 लाख का बजट आवंटन किया जायेगा। जिला सैनिक कार्यालय के सामने अलंकृत वाटिका के निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें कैप्टन आई एन राकेश शुक्ला, लक्ष्मीकांत वाजपेयी वाईस चौयरमेन एम.डी.ए एंव जिलाधिकारी मेरठ का अभार प्रकट किया। इसके अलावा पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्रकाश चन्द अग्रवाल सी0ओ0 मेरठ कैन्ट ने सुना और उचित कार्यवाही के आदेश दिए। आज की बैठक से भूतपूर्व सैनिक संतुष्ट हुए, ब्रिगेडियर रणवीर सिंह वीर चक्र ने बैठक के बाद जिलाधिकारी की सराहना करते हुए भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं पर ध्यान देने के लिए जिलाधिकारी का आभार प्रकट किया। कैप्टन (आई0एन) राकेश शुक्ला जिला सैनिक बोर्ड अधिकारी मेरठ ने सभी भूतपूर्व सैनिकों से निवेदन किया कि वे अपनी समस्याओं को सैनिक बंधु बैठक में अवश्य उठाएं। बैठक में जेओसी सब एरिया के प्रतिनिधि कर्नल वेटरन्स डी.एस.वर्मा, कर्नल वेटरन्स भी मौजूद रहे। बैठक के बाद भूतपूर्व सैनिक सुधांशु शेखर तिवारी, अब वकालत करते हैं, उन्होने सभी भूतपूर्व सैनिकों को अपना परिचय देते हुए अदालत से संबंधित मुकदमों में सहायता करने की बात रखी।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

प्रत्येक ब्लॉक में बनाई जाये नई गौशालाएं- जिलाधिकारी

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्योंध्निर्माण कार्यो एवं अन्य एजेंडा बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक आहूत की गयी। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सख्त निर्देश देते हुए समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि दिये गये लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण कराया जाना तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम सूर्य घर योजना, अटल भू-जल योजना, नई सड़कों का निर्माण, चौडीकरण, सौन्दर्यीकरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, निराश्रित गौवंश टीकाकरण, गौवंश सहभागिता, आयुष्मान हैल्थ एवं वेलनेस सेंटर, पीएम आवास योजना ग्रामीण, ग्रामीण पेयजल, रिक्त दुकानों का व्यवस्थापन, स्वः रोजगार योजनाएं आदि योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक में नई गौशालाएं बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए समस्त सरकारी कार्यालयों में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मत्स्य विभाग के अधिकारी को तहसीलदार तालाब तथा तालाबों की नीलामीध्पट्टे की स्थिति के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कौशल विकास, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मनरेगा, जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, जिला विकास अधिकारी अम्बरीश कुमार, एसडीएम सदर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिवसेना ने नगर-निगम के विरोध में कलैक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

नगर निगम की लापरवाही के कारण इस भीषण गर्मी में दूषित पानी पीने को मजबूर है, शिव सेना चेतावनी देती है कि यदि ये अधिकारी नही सुधरे तो इन्हें सुधारने का कार्य स्वंय शिव सेना को करना पड़ेगा - धर्मेन्द्र तोमर

आकाश कुमार/ युरेशिया

मेरठ। शिवसेना (उद्धव गुट) अल्पसंख्यक मोर्चा मेरठ इकाई द्वारा महानगर अध्यक्ष मास्टर अजीज ठेकेदार के नेतृत्व में वार्ड 55 में दूषित पानी की सप्लाई पर नगर निगम के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा तथा मांग की कि नगर निगम को आदेशित करें कि वार्ड में आ रहे दूषित पानी पर रोक लगाते हुए शुद्ध पानी की सप्लाई तुरन्त बहाल की जाये । इस अवसर पर प्रदेश महासचिव व पश्चिमी यू.पी. प्रभारी धर्मेन्द्र तोमर ने कहा कि नगर निगम की लापरवाही के कारण शहर का एक क्षेत्र इस भीषण गर्मी में दूषित पानी पीने को मजबूर है, और बार-बार शिकायत दर्ज करने के बाद भी क्षेत्रिय पार्षद व नगर निगम के अधिकारी लापरवाही बरत रहे है। शिव सेना चेतावनी देती है कि यदि ये अधिकारी नही सुधरे तो इन्हे सुधारने का कार्य स्वंय शिव सेना को करना पडेगा प्रदर्शन करने वालो में अवनीश आर्य, पूजा सिंघल, सुमन तोमर कमल प्रजापति, जसवीर सिंह, प्रदीप कुमार ,जब्बार,धूम सिंह, दीनू, राहुल, शादाब, सरफराज, वकील, मुस्तकीम अकरम, मईनुद्दीन मुन्ना, सद्दाम चाँद, गुलफाम हसीमुद्दीन, शानेआलम वसीम, जावेद मेहरबान इमरान, राजू, साबिर, आसिफ बाबर, इलियास, नदीम चौधरी, मो. फरमान, सलीम, यासीन, आकिल, इसराइल, समीर, शाजिद, दीपक वैश्य, बबीता शर्मा, सुमन, रूचि, बिरजू, मोहित, संजू सलीम, सलमान, अमित पाल, मुजाहिद, आदि शामिल रहे।

जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण की तैयारियों के संबंध में की बैठक

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में वृक्षारोपण की तैयारियों के संबंध में बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यान, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, राजस्व, विकास प्राधिकरण, नगर निगम, ग्राम्य विकास अभिकरण आदि विभागों द्वारा वृक्षारोपण के संबंध में की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना बनाते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि चारागाह तथा अन्य खाली भूमि पर पौधारोपण किया जाये तथा पौधारोपण के पश्चात् उनकी देखभाल हेतु प्रावधान किया जाये। उन्होंने एनएच व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को सडक किनारे व डिवाइडर पर पौधारोपण करने के निर्देश दिये। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण के संबंध में संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों द्वारा लक्ष्य के अनरूप कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाये। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, डीएफओ राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, जिला विकास अधिकारी अम्बरीश कुमार, एसडीएम सदर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौर, सीएमओ डा0 अखिलेश मोहन, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

संस्कार से सफलता का मार्ग है हमारे मातापिता

अजब कहानी है माता-पिता की, जिन बच्चों को वे बचपन में सीने से लगाये उनको हर सुख देने की कोशिश करते हैं, अपनी हर इच्छा को त्याग देते हैं वही बच्चे उनके वृद्ध होने पर उनको बेकार समझने लगते हैं- अंजू पाण्डेय

अमीरुद्दीन सैफी/ युरेशिया

मेरठ। बेटियां फाउंडेशन ने नौजवान पीढ़ी को वृद्धाश्रम श्री साईं सेवा चौरिटेबल ट्रस्ट ले जाकर वहां रह रहे माँ बाबा के दुख दर्द से परिचित कराया ताकि युवा पीढ़ी अपने माता-पिता को उस अवस्था में छोड़ देने के लिए मजबूर ना करें जैसी अवस्था में वृद्धाश्रम में माता-पिता घर परिवार से दुखी होकर चले जाते हैं, या बच्चों द्वारा निकाल दिए जाते हैं या विदेश में रह रहे बच्चे अपने माता-पिता को अपने साथ में न रखकर वृद्धाश्रम में बेसहारा छोड़ देते हैं। धरती पर भगवान का रूप कहे जाने वाले मां-बाप को अपने बच्चों के होते हुए दर-दर भटकना पड़ता है, कहीं-कहीं मां-बाप थक हार कर अपनी जीवन लीला ही समाप्त कर लेते हैं। बच्चे आधुनिकता की दौड़ में अपने कर्तव्यों व संस्कारों को भूलते जा रहे हैं। बेटियां फाउंडेशन की अध्यक्ष अंजू पाण्डेय ने युवा पीढ़ी से अपील की है कि अपने माता-पिता का सम्मान करोगे तो आपका वर्तमान व भविष्य सुखद होगा उनके आशीर्वाद ईश्वर की भांति सदैव आपके साथ होंगे। संस्था की मुहिम ष्संस्कार से सफलताष् को बीबीए व बीटेक कर रहे अर्जुन मलिक, प्राची जैसे बच्चों ने सफल बनाने का आश्वासन दिया।अध्यक्ष अंजू पाण्डेय ने कहा कि अपने माता-पिता को देखकर अपना भविष्य पहचाने और हर बुजुर्ग की मदद करें, दो पल उनके पास बैठकर उनके मन की बात सुने और खुशियां बाटें। उन्होंने कहा अजब कहानी है माता-पिता की, जिन बच्चों को वे बचपन में सीने से लगाये उनको हर सुख देने की कोशिश करते हैं, अपनी हर इच्छा को त्याग देते हैं वही बच्चे उनके वृद्ध होने पर उनको बेकार समझने लगते हैं, उनका उपहास उड़ाते हैं उन्हें दर-दर भटकने को मजबूर करते हैं, उन्हें छोटी-छोटी जरूरत से तरसा देते हैं उन्हें बेसहारा बना देते हैं उनके जीवन भर की मेहनत की कमाई को हड़प लेते हैं ।और उन्हें घर से निकाल देते हैं बूढ़े हो जाने पर जब मां-बाप को बच्चों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है तब बच्चों को अपने माता-पिता बोझ बनने लगते हैं और देश में इसीलिए वृद्धाश्रम कम पड़ रहे हैं। आज इस आश्रम में रह रहे 35 माँ बाबा ने अपने मन को बेटियाँ फाउंडेशन की रंजना कटियान,अमिता अरोड़ा, शिवकुमारी गुप्ता,उषा अरोड़ा,

सुभारती साइंस कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफसाइंस व डॉ0 अम्बेडकर चेयर के संयुक्त तत्वावधान में मासिक व्याख्यान श्रृंखला के अन्तर्गत' दी मेकिंग ऑफ दी कॉन्स्टीट्यूशन ऑफ इंडिया रू एक्सप्लोरिंग दी रोल ऑफ डॉ0 बी0 आर0 अम्बेडकर' व्याख्यान का आयोजन कॉलेज के सभागार में हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ साइंस कॉलेज की डीन प्रो0 डॉ0 रेनू मावी, व मुख्य वक्ता डॉ0 प्रेम चन्द्रा एसोसिएट प्रोफेसर लॉ कॉलेज एवं सभी विभागाध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम संचालिका मिस मानवी चौधरी द्वारा डॉ0 प्रेम चन्द्रा का परिचय उद्बोधन दिया गया। डॉ0 प्रेम चन्द्रा ने अपने व्याख्यान में भारतीय संविधान सभा एवं प्रारूप समिति द्वारा भारतीय संविधान के बनाये जाने के अन्तर्गत हुई विभिन्न बैठकों व बैठकों में हुए विचार मंथन के विषय में अवगत कराया एवं इस पूरी प्रक्रिया में डॉ0 अम्बेडकर के योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ0 प्रेम चन्द्रा के व्याख्यान की सभागार में उपस्थित सभी श्रोताओं द्वारा प्रशंसा की गयी। कार्यक्रम डॉ0 अंकित कुमार गोयल के संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मिस मानवी चौधरी, सभी विभागाध्यक्षां व सभी अध्यापकों व सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

मौत का घर बना प्राइवेट अस्पताल लेडी डॉक्टर की लापरवाही से महिला मरीज की मौत

रक्त की कमी के चलते 8 माह की गर्भवती का ऑपरेशन कर लापरवाही का दिया परिचय

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। सरधना क्षेत्र में डॉक्टर की लापरवाही और मनमानी के चलते आठ महीने की गर्भवती महिला की मौत हो गई, आरोप है कि अस्पताल में ऑक्सीजन में अन्य सुविधा न होने के साथ-साथ खून की कमी होने के बावजूद लापरवाह लेडी डॉक्टर ने महिला के पति के मना करने के बावजूद उसकी गैर हाजिरी में गर्भवती महिला का ऑपरेशन कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई और पैदा हुए नवजात शिशु की हालत भी नाजुक बताई जा रही है। अस्पताल में हुई महिला की मौत के बाद उसके परिजनों ने अस्पताल पर सील लगाने और लापरवाही करने वाली डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए मृतका के शव को लेने से इनकार कर अस्पताल के बाहर हंगामा कर दिया। सरधना थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिनोली रोड मंडी समिति के सामने स्थित ईश्वर नर्सिंग होम (अस्पताल) मे मुल्हेड़ा निवासी अरुण पुत्र अशोक ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर के माध्यम से बताया कि आज दिनांक 27 जून 2024 को समय दोपहर 3रू00 बजे अपनी आठ माह की गर्भवती पत्नी सुमन को पेट में दर्द होने के कारण ईश्वर नर्सिंग होम में चिकित्सा परीक्षण कराने हेतु लेकर आया और अस्पताल की संस्थापक लेडी डॉक्टर अर्चना त्यागी को दिखाया जब से मेरी पत्नी गर्भवती हुई है, तभी से मेरी पत्नी का इलाज इसी लेडी डॉक्टर से चल रहा है। आज से पहले भी कई बार ब्लड की कमी को चेक कराने हेतू पैथोलॉजी लैब भेजा लैब की रिपोर्ट के अनुसार हीमोग्लोबिन की मात्रा 6.00 आई इसके कुछ दोनों बाद पुनः टेस्ट कराया गया तो रिपोर्ट हीमोग्लोबिन की मात्रा 7.5 आई रिपोर्ट को देखकर डॉ अर्चना त्यागी ने मेरी पत्नी को भर्ती करने की सलाह दी। मैंने पत्नी को 27 जून 2024 को दोपहर 3रू00 बजे भर्ती कर दिया था। उन्होंने आगे कहा कि डॉक्टर ने मुझे ब्लड बैंक से तीन यूनिट ब्लड लाने को कहा और ऑपरेशन करने की बात कही मैंने कहा पहले एक बार फिर से ब्लड टेस्ट करा लें उन्होंने लैब में टेस्ट होने के लिए ब्लड भेज दिया लैब की रिपोर्ट आने पर हीमोग्लोबिन की मात्रा 8.25 आई,अरुण ने आरोप लगाया है कि ब्लड रिपोर्ट आने के बाद मैंने ऑपरेशन के लिए मना कर दिया उसके बावजूद मेरी बिना अनुमति के मेरी अनुपस्थिति में जब मैं बाजार से दवाई लेने गया था मेरी पत्नी का अस्पताल में ऑक्सीजन वे अन्य उपकरणों की कमी के चलते डॉ अर्चना त्यागी ने लापरवाहियां बरतते हुए ऑपरेशन कर दिया,और मेरी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया, ऑपरेशन के दौरान जन्मा बच्चा पुत्र अर्ध मूर्छित हालत में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती है। फोन पर मिली सूचना के बाद लगभग शाम 6रू00 बजे मृतिका सुमन के घरवाले पानीपत से सरधना नर्सिंग होम पर पहुंचे और डॉक्टर के विरुद्ध नारेबाजी कर के हंगामा खड़ा कर दिया हंगामे की सूचना पर थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर मृतिका के परिजनों एवं ससुराल पक्ष के लोगों ने नारेबाजी का डॉक्टर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कार्रवाई कर अस्पताल को सील करने की मांग पर अड़े रहे और पुलिस कार्रवाई न होते हुए परिजनों ने मृतका के शव को अस्पताल से ना ले जाने कि जिद की। हंगामा और परिजनों की जिद पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए हंगामा की सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकार एवं थाना थाना प्रभारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मृतिका के परिजनों को समझने की कोशिश की और पंचनामा भरा गया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया,घटना को लेकर परिजनों में शोक छा गया। मृतिका अपने पीछे एक नौ वर्ष की पुत्री तथा 5 वर्ष पुत्र एवं ऑपरेशन के दौरान नवजात शिशु को छोड़ गई है। घटना को लेकर परिजनों में गमगीन महल छा गया।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)